रांची, सोमवार, 01 सितंबर 2025
संवत 2082, भाद्रपद शुक्ल 9 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 04 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ इतिहास में औरंगजेब की क्रूरता और खून के छींटे
सिद्धार्थ और जाह्नवी हैं परम सुंदरी की परफेट जोड़ी ◂◂ 6

### एससीओ सम्मेलन में भारत की आतंकवाद के खिलाफ बड़ी जीत

# पीएम मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की मौजूदगी में की पहलगाम हमले की निंदा

**पीएम मोदी ने कहा आतंकवाद पर दोहरा रवैया अब नहीं चलेगा, मेंबर देश बोले- आतंकियों को सजा दिलाना जरूरी**

एजेंसी

**बीजिंग :** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 25वें शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को लेकर बेहद स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाया। चीन के तियानजिन में आयोजित इस सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आतंकवाद आज केवल किसी एक देश के लिए खतरा नहीं बल्कि पूरे विश्व, खासकर मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। इस सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का आतंकवाद के समर्थन को लेकर कुछ देशों पर सीधा सवाल उठाना और उसे अस्वीकार्य बताना काफी अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का जिक्र और भारत का दर्दः प्रधानमंत्री



मोदी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद के जख्म झेल रहा है। उन्होंने कहा, हाल ही में, हमने पहलगाम में आतंकवाद का सबसे बुरा रूप देखा। मैं इस दुख की घड़ी में हमारे साथ खड़े मित्र देशों का आभार व्यक्त करता हूँ। इस बयान के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की पीड़ा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उजागर किया और यह बताया कि आतंकवाद का असर सिर्फ सीमाओं तक सीमित नहीं है।

आतंकवाद पर दोहरा मापदंड स्वीकार नहीं: अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि कुछ देश अब भी आतंकवाद का खुला समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने यह सवाल उठाया कि क्या ऐसा रवैया अब और सहन किया जा सकता है? हमें स्पष्ट रूप से और एकमत से कहना होगा कि आतंकवाद पर कोई भी दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। यह हमला मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक देश और व्यक्ति के लिए एक खुली चुनौती थी। उनका यह बयान साफ तौर पर पाकिस्तान की ओर इशारा करता है जो लंबे समय से भारत पर आतंकी संगठनों को पनाह देने के आरोपों से घिरा रहा है। एससीओ में भारत की भूमिका: प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर एससीओ में भारत की सकारात्मक भूमिका का भी ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि भारत की नीति तीन मूल स्तंभों पर आधारित है:

एस - सुरक्षा, सी - संपर्क और ओ - अवसर। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा दिया है और आगे भी इसी दिशा में काम करता रहेगा।

आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता जरूरी: अपने भाषण के अंत में प्रधानमंत्री ने सभी एससीओ देशों से अपील की कि आतंकवाद को किसी भी तरह के रंग, धर्म या राजनीति से न जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मानवता के खिलाफ जो भी खड़ा है, उसके खिलाफ एकजुट होना हम सभी का कर्तव्य है। उनका यह संदेश वैश्विक आतंकवाद से लड़ने की दिशा में एक बार फिर भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

### सलामत रहे दोस्ताना हमारा

# पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन एक ही कार में हुए सवार, दुनिया में मची खलबली

एजेंसी

**तियानजिन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के समापन के बाद द्विपक्षीय बैठक के लिए एक ही कार में सवार होकर मीटिंग में पहुंचे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर कर इस मुलाकात की जानकारी दी।

पीएम मोदी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, एससीओ शिखर सम्मेलन के बाद मैं और राष्ट्रपति पुतिन साथ में द्विपक्षीय बैठक के स्थान पर गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच मजबूत कूटनीतिक संबंधों को दशार्ती है। इससे पहले दिन में, पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति पुतिन के बीच अनौपचारिक बातचीत की तस्वीरें सामने आईं, जो एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों नेताओं के बीच हल्के-फुल्के पल को दशार्ती हैं। इन तस्वीरों में तीनों नेता मुस्कुराते और बातचीत करते नजर आए, जो रूस के कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की एक समान तस्वीर की याद दिलाती हैं।

ताजा तस्वीर में पुतिन बायीं ओर, बीच में प्रधानमंत्री मोदी और दायीं ओर शी जिनपिंग एक साथ चलते हुए एससीओ फैमिली फोटो के लिए पोज देते दिखे। इस तस्वीर को साझा करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, तियानजिन में मुलाकातें जारी। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने एक अन्य तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह और राष्ट्रपति पुतिन एक-दूसरे से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आए। इस तस्वीर के साथ पीएम मोदी ने लिखा, राष्ट्रपति पुतिन से मिलना हमेशा खुशी की बात है। इसके अलावा, सोमवार को पीएम मोदी और पुतिन को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पास से गुजरते हुए देखा गया, जो उस समय अकेले खड़े थे। दोनों नेता अनौपचारिक बातचीत में मशगूल थे, जबकि शरीफ उदास दिख रहे थे। यह क्षण तब हुआ, जब एससीओ सदस्य देशों के नेता तियानजिन में फोटो सेशन के लिए इकट्ठा हुए थे।



### एससीओं समिट में दिखी भारत की धमक : जब मोदी-पुतिन साथ चले तो कोने में खड़े देखते रह गए शहबाज शरीफ



नई दिल्ली : चीन के तियानजिन शहर में चल रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीआक) शिखर सम्मेलन में आज वैश्विक कूटनीति के कई दिलचस्प रंग देखने को मिले। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गर्मजोशी दिखी, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बिल्कुल अलग-थलग नजर आए। सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को एक ऐसा मौका आया, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक-दूसरे से बातचीत करते हुए हॉल से गुजर रहे थे। दोनों नेताओं की बॉडी लैंग्वेज उनकी गहरी दोस्ती और मजबूत रिश्तों की गवाही दे रही थी। ठीक उसी समय, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ एक कोने में हाथ बांधे अकेले खड़े थे और इन दोनों वैश्विक नेताओं को हसरत भरी निगाहों से देख रहे थे। इस दौरान किसी भी अन्य नेता को उनसे बातचीत करते या उन्हें तवज्जो देते नहीं देखा गया। यह नजारा वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते कद और पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति को साफ तौर पर बयां कर रहा था। इससे पहले आज पीएम मोदी, राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी एक साथ अनौपचारिक रूप से बातचीत करते देखा गया था, जो इस सम्मेलन की सबसे प्रमुख तस्वीरों में से एक रही।

# दिनदहाड़े पांच लाख की लूट

संवाददाता

चाईबासाः शहर के बीचोबीच बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा के बाहर सोमवार सुबह बड़ी लूट की वारदात हुई। गांधी मैदान के पास स्थित आईबीपी पेट्रोल पंप के मालिक पुनीत सेठिया के दो कर्मचारी विमलेश कुमार और संजय नंदी बैंक में रुपये जमा करने पहुंचे थे। दोनों के पास करीब पांच लाख रुपये थे। सुबह लगभग 10.30 बजे जैसे ही दोनों बैंक के गेट के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने रिवॉल्वर के बट से विमलेश कुमार को घायल कर दिया और हथियार दिखाकर रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटनास्थल पर दिन



में भीड़भाड़ रहती है, लेकिन किसी ने भी अपराधियों को रोकने की हिम्मत नहीं की। पूरी वारदात बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल विमलेश को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है.

### हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# मेरिट लिस्ट की जांच के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन




रांचीः झारखंड हाई कोर्ट ने हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति से संबंधित एक अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने हाई स्कूल मेरिट लिस्ट की जांच के लिए एक सदस्य फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। जिसका नेतृत्व सेवानिवृत्ति जस्टिस एसएन पाठक करेंगे। प्रार्थियों की ओर से हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की मेरिट लिस्ट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

झारखंड हाई कोर्ट में इससे संबंधित 252 याचिकाएं दाखिल की गई थी। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, चंचल जैन और तेजस्विता सफलता ने अदालत को बताया था कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है। इसमें कई त्रुटियां हैं। इसलिए एक सदस्य जांच आयोग का गठन किया जाना चाहिए। जबकि सरकार की ओर से कहा गया था कि मेरिट लिस्ट में कोई त्रुटि नहीं है और सब कुछ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत ही जारी किया गया है। बता दे कि इस संबंध में मीना कुमारी सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

# पत्नी के सामने पति की बेरहमी से हत्या

संवाददाता

गिरिडीहः जिले में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अनाउल अंसारी के रूप में हुई है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश और लेन देन का कारण बताया जा रहा है। यह मामला बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडाडीह मस्जिद के पास की हैं। पुराने घर में खाना खाने के बाद बेगम के साथ नए घर लौट रहे युवक की हत्या चाकू से गोदकर कर दी गई। घटना को लेकर मृतक के चाचा मो हुसैन और पिता मो जमाल अंसारी ने बताया कि घटना पूरी तरह साजिश के तहत अंजाम दी गई है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को पुराने घर में खाना खाने के बाद अनाउल अंसारी अपनी बेगम लाडली बानो के साथ पैदल ही नए घर लौट रहा था। गांव की मस्जिद के पास जैसे ही अनाउल अंसारी पहुंचा तो पहले से घात लगाकर बैठे मो। मकसूद और उसके घरवालों ने अनाउल को घेर लिया और एक के बाद एक चाकू से कई वार कर दिए।

# वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने पटना पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

**वोटर अधिकार यात्रा का समापन आज**

संवाददाता

**रांची/पटनाः** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सोमवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। यहां सीएम राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीएम का जोरदार स्वागत हुआ। जेएमएम कार्यकर्ताओं ने सीएम को माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्त्ता पार्टी का झंडा लिए नजर आये। मालूम हो आज 1 सितंबर को वोटर अधिकार यात्रा के समापन में इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता विशाल मार्च में शामिल होंगे। इसी क्रम में सीएम हेमंत सोरेन भी पटना पहुंचे हैं। यह यात्रा आज पटना के गांधी मैदान से शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि बिहार में



राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई थी। इसके बाद से अब तक यह यात्रा मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सुपौल, पूर्णिया समेत कई जिलों से होकर गुजरी है।

**अफगानिस्तान में भूकंप से मची भीषण तबाही,**

# हजार से ज्यादा की मौत, दिल्ली- एनसीआर तक महसूस हुए झटके

एजेंसी

**काबुल :** अफगानिस्तान में पाकिस्तान सीमा के पास रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। इस आपदा में अब तक 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1000 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इन्हें पाकिस्तान के अलावा भारत के दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किया गया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के जलालाबाद के पास जमीन से मात्र 8 किलोमीटर की गहराई में था। कम गहराई होने की वजह से नुकसान कहीं ज्यादा हुआ। प्रांत के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता अजमल दरवेश ने पुष्टि की है कि अकेले नांगहार प्रांत में 509 लोगों की मौत हुई है और हजारों घर तबाह हो गए हैं। मलबे में अभी



भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है, जिससे मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। मुख्य भूकंप के करीब 20 मिनट बाद ही उसी इलाके में 4.5 तीव्रता का एक और झटका महसूस किया गया, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। इस दूसरे झटके ने पहले से ही डरे-सहमे लोगों में और दहशत भर दी। बता दें कि अफगानिस्तान भूकंप के लिहाज से एक बेहद संवेदनशील क्षेत्र में आता है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। पिछले एक महीने में ही यह इस देश में आया पांचवां भूकंप है। इससे पहले 7 अक्टूबर, 2023 को आए 6.3 तीव्रता के भूकंप ने यहां भीषण तबाही मचाई थी, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 1,500 लोग मारे गए थे, जबकि तालिबान सरकार ने यह आंकड़ा 4,000 बताया था।

# एलपीजी सिलेंडर के दामों में भारी कटौती, आज से नई दर लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली:** एक सितंबर को एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर बड़ी खुशखबरी आई है। आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुए गैस सिलेंडर के दामों में एक बार फिर से कटौती की गई है। इस बार कीमतें 51 रुपए तक कम कर दी गई हैं। हालांकि यह कटौती सिर्फ 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडरों में ही की गई है।

इस बदलाव के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडरों के कीमत 1580 रुपए हो जाएगी।अभी तक दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1631.50 रुपए है। नई कीमतें आज यानी 1 सितंबर से लागू हो जाएंगी। दरअसल ऑयल



मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत आज से 51.50 रुपए कम कर दी गई है। दिल्ली में, 1 सितंबर (आज) से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रिटेल बिक्री कीमत 1580 रुपए होगी। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मार्च महीने को छोड़ दें तो 1 जनवरी 2025 से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में लगातार कटौती की जा रही है। 1 जनवरी को इसमें 14.50 रुपए की कटौती की गई थी।इसके बाद फरवरी में 7 रुपए की कटौती हुई थी। हालांकि 1 मार्च को कीमतों में 6 रुपए की बढ़ोतरी भी की गई थी। जिसके बाद 1 अप्रैल को बड़ी कटौती करते हुए कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत 41 रुपए घटा दी गई थी। इसके बाद 1 मई को 14 रुपए और 1 जून को 24 रुपए की कटौती की गई। 1 जुलाई को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में 58.50 रुपए की बड़ी कटौती की गई थी। इसके बाद 1 अगस्त को 33.50 रुपए की फिर कटौती की गई। अब कीमतें एक बार फिर घटा दी गई है।

न्यूज IN ब्रीफ

## कोडरमा जिला अध्यक्ष ने कार्यकारणी अध्यक्ष को सौंपा अपना दायित्व



**कोडरमा:** श्री चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट कोडरमा के वर्तमान अध्यक्ष बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोडरमा जिला इकाई के वर्तमान जिला अध्यक्ष बताते चले कि आनंद मोहन वर्मा,पिता आर. एस. लाल दूधिमाटी कोडरमा निवासी, वर्त्तमान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारणी जिला अध्यक्ष हैं ही, साथ ही उन्हें जिला अध्यक्ष का पदभार भी आगे के कार्यकाल के लिए वतर्मान जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अभय ने अपना पूर्णता प्रभार इन्हें सौंप दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब आगे का कार्यकाल, का सुचारू रूप से निर्वहन आप करिए साथ ही सभी प्रकार के निर्णय समाज हित में लेने के लिए आप स्वतंत्र हैं। मैं अपने निजी कारणों से कुछ महीनों के लिए बाहर जाना आना करूंगा। इसलिए अब आगे का कार्यकाल के दायित्व आपको सौंप रहा हूं।

## अलग- अलग घटनाओं में दो की मौत

**मुरी :** हिणडालको कर्मचारी सूरज प्रकाश और कोचो निवासी आशीष कुमार की दो अलग-अलग घटनाओं में मौत हो गई। सूरज प्रकाश ट्रेन की चपेट में आने से हुआ वहीं आशीष कुमार के मौत की जांच पुलिस करने में जुटी .। दोनों को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## गिद्धौर मुख्य चौक पर दर्दनाक सड़क हादसा



**चतरा :** गिद्धौर मुख्य चौक पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां सीमेंट लदे ट्रक ने घर के बाहर खड़े अधेड़ रामेश्वर प्रसाद केसरी को टक्कर मार दी। इस घटना में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसर गया है ।वहीं ग्रामीणों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़कर गिद्धौर पुलिस के हवाले कर दिया है ।परिजनों ने बताया कि मृतक घर का अकेला कमाऊ व्यक्ति था और उसकी मौत से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस तरह की घटनाएं अक्सर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होती हैं ।ऐसे हादसों से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना और सावधानी से वाहन चलाना आवश्यक है। साथ ही, स्थानीय प्रशासन को भी सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने पेश की मानवता की मिशाल



**चतरा:** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमार सिंह मृदभाषी के साथ साथ समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते हैं। आम लोगों की सहायता में हमेशा खड़े रहनेवाले श्री सिंह ने सिमरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक ग्राम गोठाई में दैनिक मजदूर गेंदा भुइयां के पुत्र का इलाज करवा कर मानवता की मिशाल पेश की है। जानकारी के मुताबिक दैनिक मजदूर काफी गरीब है। जैसे ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को मजदूर के पुत्र की तबियत खराब होने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत चिकित्सक को बुलाकर उसका इलाज करवाया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमार सिंह ने बताया कि गांव में इलाज की बेहतर सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र है भी तो वह काफी दूर है। गरीब मजदूर होने के कारण आवागमन करने में कठिनाई है ।इन्हीं सब कठिनाइयों को देखते हुए उन्होंने चिकित्सक को उनके घर तक की सुविधा उपलब्ध करवाई।

## मोरहाबादी में मार्निंग वॉक कर रही महिला से चेन छिनतई

**रांची :** मोरहाबादी रतन हाइट की रहने वाली पम्मी कुमारी से बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। पीड़िता के पति पवन कुमार ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पवन कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी उनके घर के करीब पहुंचे। सड़क से गुजर रही उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन छीना और तेजी से फरार हो गए।

## हथियार के बल पर महिला से चेन लूटकर अपराधी फरार

**रांची :** चुटिया पावर हाउस रोड में रहने वाली अन्नापूर्णा कर्मकार से अपराधियों ने हथियार के बल पर उनके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। अन्नापूर्णा कर्मकार ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि वह शनिवार की सुबह अपने घर के गेट के पास खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने उनके घर के पास गाड़ी रोकी और कहा कि इधर-उधर मत देखिए रोड में देखिये। जैसे ही महिला रोड में देखी अपराधियों ने उनके गले से चेन छीन ली। महिला ने जब शोर मचाया तो अपराधियों ने पिस्टल निकाल लिया। महिला को गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद तेजी से फरार हो गया।

# पलामू में सड़क निर्माण स्थल पर उग्रवादियों ने की फायरिंग, घटना स्थल से खोखा बरामद



**संवाददाता**

**रांची/पलामू :** पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण स्थल पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर नगीना के नाम पर हवाई फायरिंग की गई। बताया जा रहा है कि दो बाइक से आए पांच उग्रवादियों ने खुद को टीएसपीसी का सदस्य बताते हुए निर्माण कंपनी से रंगदारी की मांग की और फायरिंग करके फरार हो गए। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है।

नक्सलियों के खिलाफ तलाशी अभियान जारीः घटना की सूचना मिलने के बाद नावाजयपुर थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा इलाके में टीएसपीसी के नक्सलियों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है ।पुलिस अधीक्षक ने बतया की टीएसपीसी के नक्सली सबजोनल कमांडर नगीना के दस्ते का सदस्य बतया हैं फिलहाल सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अनुसंधान के बाद यह स्पष्ट होगा। नक्सली थे या फिर अपराधी.. फिलहाल पूरे एरिया में पूरे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## पातम-डाटम जलप्रपात में नहाने के दौरान दो युवकों की डूबकर मौत, एक का शव बरामद

संवाददाता

रांची : लातेहार जिला स्थित प्रसिद्ध पातम-डाटम जलप्रपात में रविवार को नहाने के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है ।मृतकों की पहचान शनि कुमार (20 वर्ष) और नितीश कुमार (20 वर्ष), दोनों निवासी पलामू रजवाडीह, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जलप्रपात पहुंचे थे। नहाने के दौरान शनि पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए नितीश भी पानी में कूद गया, लेकिन वह भी डूब गया।

दूसरे का शव अभी तक नहीं मिल सका3 दोस्तों ने काफी मशक्कत के बाद एक युवक का शव बाहर निकाला, जबकि दूसरे का शव अभी तक नहीं मिल सका है। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश जारी है ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।



करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।बताया जा रहा है कि शनि के पिता इंदु राम झारखंड पुलिस में पदस्थापित हैं।

### कर्मचारी शक्ति समागम में राज्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने कहा

## कर्मचारी शक्ति की कर्म ही है असली पहचान




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबाग :** कर्मचारी शक्ति समागम में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष झारखण्ड राज्य पिछडावर्ग आयोग, पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। कर्मचारी शक्ति समागम का मुख्य अतिथि ने झारखण्ड राज्य पिछडा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. अध्यक्ष का कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया। श्री यादव ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में लगभग 39 विभागों के कर्मचारियों का एक साथ आना, उनकी एकता और शक्ति का प्रतीक है। कर्मचारी शक्ति की कर्म ही है असली पहचान है। उन्होंने कहा कि यहां कर्मचारियों ने राज्य सरकार और लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लागू की गई पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लिए आभार व्यक्त किया। यह कर्मचारियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दशार्ता है। मैंने कर्मचारियों की मांगों को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज मांगों को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाया जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगी। आपकी एकता ही आपकी शक्ति है।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन का हुआ विस्तार

### पार्टी मजबूती पर भी दिया गया जोर

**संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रीय जनता दल की हंटरगंज प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को हंटरगंज पानी टंकी के समीप प्रखंड कार्यालय में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव एवं संचालन पूर्व मुखिया संतोष यादव ने की ।बैठक में संगठन विस्तार पर विचार विमर्श किया गया ।इस दौरान अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल एक मजबूत संगठन है । सभी वर्गो की संगठन में भागीदारी दी जाएगी। साथ गरीब गुरुवा के हक हकूक की लड़ाई के लिए सभी की एकजुटता जरूरी है। लालु प्रसाद यादव के संदेश को जन जन तक पहुंचाने



के लिए हर गांव स्तर पर संगठन को मजबूत करना है ।बैठक में सर्वसहमति से उपाध्यक्ष , सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया गया ।जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष के लिए मो. फैयाज, राजेश कुमार यादव, मदन दास, जय कुमार यादव ,संदीप कुमार यादव एवं मुमताज अंसारी को बनाया गया। जबकि सचिव के लिए उमेश यादव ,संतोष पासवान, प्रभु दयाल यादव, राम प्रवेश यादव, संजय यादव और उपेंद्र यादव को बनाया गया। अरविंद कुमार यादव और विनोद यादव तथा विनय कुमार यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया ।बैठक में मुख्य रूप से सीतेश्वर यादव, शिवालक यादव ,पंकज यादव ,उपेंद्र यादव, केदार चौधरी ,विनय यादव, भोला यादव, पप्पू यादव ,राजेश यादव ,उपेंद्र यादव, छोटु यादव, सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाई की पिटाई का विरोध करना टोटो चालक को पड़ा महंगा

## आरोपियों ने जमकर मारा, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में स्थित कौलेश्वरी मोड़ में शनिवार देर शाम छोटे भाई की पिटाई कर रहे युवकों का विरोध करना एक टोटो चालक को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने भाई के अलावा पीड़ित की भी जमकर पिटाई कर दी और सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित टोटो चालक उरैली पंचायत पाती निवासी सोमर यादव के 34 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव के मुताबिक वह और उसका भाई मिथलेश यादव दोनो ऑटो (टोटो) चालक है। दोनों टोटो चलाकर अपने परिवार



का भरण पोषण करते हैं। पीड़ित ने लिखित आवेदन में बताया है कि शनिवार की शाम भाई मिथलेश हंटरगंज कौलेश्वरी टेम्पु स्टैंड में अपने टोटो में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान बाइक से पांच लोग आए और मेरे भाई के साथ गाली गलौज करते हुए गाड़ी किनारे लगाने की बात करते हुए मारने पीटने लगे। । इसी दौरान एक व्यक्ति ने मुझे बताया कि तुम्हारे भाई को तीन युवक मार पीट कर रहे हैं। बीच बचाव करने पहुंचा तो उक्त आरोपियों ने मेरे साथ भी जमकर पीटाई कर दी जिससे मेरे सिर पर गहरी चोट पहुंची और मैं अचेत होकर सड़क पर गिर गया। जब मैं होश में आया तो देखा कि मेरा सिर फटा है जिससे खून की धार बह रही है।

## विश्वविद्यालय वोकेशनल शिक्षक संघ लगाया भेदभाव का आरोप

**रांची :** विश्वविद्यालय वोकेशनल शिक्षक संघ के सदस्यों ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की ।जिसमें शिक्षकों ने कहा कि वे लंबे समय से स्थायीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में सरकार या विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल को फिर से ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगों पर सुनवाई नहीं होती है तो शिक्षक सड़क पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग और राज्य सरकार को कई बार लिखित ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही राजभवन तक बार-बार गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन अब भी कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर ही हमें काम कराया जा रहा है। बैठक में शिक्षकों ने बताया कि वे नियमित शिक्षकों के बराबर कार्य कर रहे हैं। पढ़ाई-लिखाई से लेकर परीक्षा संचालन तक सभी जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें बराबरी की सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

### शासी परिषद में बैठक में उपायुक्त ने

# प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से संबंधित साझा की विस्तृत जानकारी

**संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त सह जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट शासी परिषद अध्यक्ष कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक उज्ज्वल कुमार दास, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त सह अध्यक्ष ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा ग्राम सभा से पारित एवं जिला स्तरीय प्रबंधकीय समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं खनन प्रभावित प्रखंड टंडवा व सिमरिया सहित जिले के अन्य प्रखंडों में पीवीजीटी परिवारों के आजीविका संवर्द्धन से संबंधित योजनाओं को रखा गया। पर्यावरण संरक्षण, पेयजल आपूर्ति और अन्य प्राथमिकता प्रक्षेत्रों में पुल-पुलिया, पथ निर्माण, गार्डवाल निर्माण, स्टेडियम निर्माण, सौन्दर्याकरण,




बस पड़ाव निर्माण एवं चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को भी शामिल किया गया। बैठक में जिले में चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की कमी को देखते हुए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत संविदा आधारित सेवा प्राप्त करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। साथ ही ग्रामीण दूध उत्पादकों की आजीविका संवर्द्धन के लिए झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड से दूध संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन गतिविधियों के विस्तारीकरण के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी ।इसके अलावा आवासीय विद्यालयों के छात्रावासों में अग्निशमन यंत्र आपूर्ति, जिले के युवक-युवतियों को रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षण, अनाज गोदामों की मरम्मति, पंचायत भवन विहीन पंचायतों में नए पंचायत भवन का निर्माण, मत्स्य पालकों की आय वृद्धि के लिए केज कल्चर फिश फॉर्मिंग तथा बक्सा डैम एवं अंजनवा डैम के सौंदर्यीकरण संबंधी प्रस्तावों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भारी वर्षा एवं जलजमाव के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा ।बैठक के अंत में शासी परिषद ने सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया। उपायुक्त सह अध्यक्ष कीर्तिश्री ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए पारित सभी योजनाओं को जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे जिले के आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।

# झारखंड में आज से महंगा हो गया देसी शराब और बीयर



**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में आज 1 सितंबर से नए महीने की शुरूआत के साथ ही बड़ा बदलाव हुआ है। आज से राज्य में नयी उत्पाद नीति के तहत शराब की बिक्री होगी। मालूम हो नयी उत्पाद नीति के तहत राज्य में खुदरा शराब दुकानों का संचालन निजी हाथों में दिया गया है। राज्य में कुल 1343 शराब दुकानों का संचालन होगा। इसमें 1184 कंपोजिट और 159 देशी शराब की दुकानें शामिल हैं। राजधानी रांची में सबसे अधिक 150 दुकानें हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नयी उत्पाद नीति के तहत संचालित दुकानों में से वैसी दुकानें जो पहले से भी संचालित थी, उन्हें 3 दिनों के लिए शराब उपलब्ध करा दी गयी है। वहीं जो नयी दुकानें खुली हैं, उन सभी दुकानों के संचालक आज दोपहर 12 बजे के बाद डिपो से शराब ले सकते हैं। मालूम हो राज्य में पहले कुल 8 डिपो थे, इसकी संख्या अब बढ़ाकर 21 कर दी गयी है।

राज्य में नयी उत्पाद नीति लागू होने के बाद आज से शराब की कीमतों में भी बड़ा बदलाव हुआ है। एक ओर कुछ पॉपुलर ब्रांड्स की शराब की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, तो वहीं दूसरी ओर विदेश में निर्मित विदेशी शराब सस्ती हो गयी है। देश में निर्मित विदेशी शराब की कीमतों में 300 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी, जबकि विदेश में निर्मित विदेशी शराब 6000 रुपये तक सस्ती हो जायेगी। वहीं देसी शराब और बीयर 20 रुपये महंगे हो जायेंगे।

## रांची एयरपोर्ट का नया शिड्यूल जारी

# कई शहरों के लिए मिलेगी कनेक्टिंग फ्लाइट, दिल्ली के लिए 7 विमान

रांचीः राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन ने 01 से 30 सितंबर तक के लिए विमानों के आगमन और प्रस्थान को लेकर नया शिड्यूल जारी किया है। नये शिड्यूल के अनुसार बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 3 विमानों की संख्या घटी है। रांची से 27 की जगह अब 24 विमान हो गये हैं। रांची से इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान नियमित संचालित हो रहे हैं।

**मुंबई और कोलकाता के लिए 3-3 विमान**

नए शिड्यूल के अनुसार अब रांची से दिल्ली के लिए 7, और बेंगलुरु ले किये 4 सीधी फ्लाइट है। वहीं मुंबई और कोलकाता के लिए 3-3 विमान है। रांची से हैदराबाद के लिए 2 फ्लाइट्स हैं। वहीं पटना, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई और पुणे के लिए रोजाना एक-एक विमान है।

**कई शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट**

इसके अलावा अब बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्रियों को कई शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा मिलेगी। एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने बताया कि यात्रियों को भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम,




इंदौर, त्रिवेंद्रम और गुवाहाटी के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट मिलेगी। यात्री रांची एयरपोर्ट पर बोर्डिंग कराने के बाद इन शहरों के लिए यात्रा कर सकते हैं। यात्रियों को दोबारा बोर्डिंग नहीं कराना होगा। भुवनेश्वर के लिए विमान वाया मुंबई, इंदौर के लिए विमान वाया दिल्ली, गुवाहाटी के लिए विमान वाया बेंगलुरु, विशाखापतनम के लिए विमान वाया हैदराबाद और त्रिवेंद्रम के लिए विमान वाया बेंगलुरु मिलेगा।

## रांची ज़िला जमीयत उलेमा का चुनाव संपन्न

# मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी अध्यक्ष और हाजी शाह उमैर महासचिव चुने गए

**संवाददाता**

**रांची :** जमीयत उलेमा हिंद और जमीयत उलेमा झारखंड के निगरानी में जमीयत उलेमा ज़िला रांची के नए पदाधिकारियों का चुनाव आज जोहर से पहले मदरसा मदीनतुल उलूम टांगर बिजुपाडा रांची में बेहद सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनावी बैठक की अध्यक्षता जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव हजरत मौलाना डॉ। असगर मिस्बाही ने की और संचालन हाफि ज अब्दुल अजीज ने किया। इस अवसर पर ज़िले भर से बड़ी संख्या में उलेमा, विद्वानों, इमामों और जमीयत के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। जिन्होंने एकता और सहमति के माहौल में चुनाव प्रक्रिया पूरी की।

बैठक में सर्वसम्मति से हजरत मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी साहब को अध्यक्ष और अलहाज शाह उमैर साहब को महासचिव चुना गया। हाजी मुहम्मद एहसान को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा चार उपाध्यक्ष, छह उप सचिव, चार संरक्षक और एक मीडिया प्रभारी का भी चुनाव किया गया। उपाध्यक्षों में हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी शहर रांची क्षेत्र, हजरत मौलाना शहाबुद्दीन कासमी कांके क्षेत्र, हजरत मुफ्ती उजैर कासमी चान्हो क्षेत्र और अल्हाज मोइन



साहब इटकी क्षेत्र से चुने गए। उप सचिवों में मौलाना डॉ। जाहिद इकबाल बलसुकरा क्षेत्र, हाफिज तजममूल बिजोपारा क्षेत्र, मौलाना मंसूर मजाहिरी कांके क्षेत्र, मौलाना तनवीर मांडर क्षेत्र, मौलाना नजमुद्दीन कडरू क्षेत्र और मौलाना अलीमुद्दीन नगरी क्षेत्र से चुने गए। संरक्षकों में हाजी मुस्लिम केसा, मौलाना अब्दुल कय्यूम अल्वी, मुफ्ती सलमान कासमी और मौलाना नूरुल्लाह हबीब नदवी चुने गए। सर्वसम्मति से पत्रकार आदिल रशीद को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में महासचिव हजरत मौलाना डॉ। मो असगर मिस्बाही, लातेहार जिले के महासचिव मुफ्ती अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य हाजी जहीर साहब, कार्यकारिणी सदस्य मुफ्ती शोएब साहब शामिल हुए। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची शहर के काजी-ए-शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती मो अनवर कासमी, मौलाना नूरुल्लाह हबीब नदवी, मुफ्ती सलमान कासमी, शहर काजी मुफ्ती मो कमर आलम कासमी शामिल हुए। चुनावी सभा के अंत दुआओं के साथ हुआ। इस मौके पर जावेद अख्तर, शकील अहमद, जुल्फिकार अली, वकील अंसारी, मौलाना अबुल कलाम कासमी, आशिक अंसारी, गुलाम मुस्तफा, मौलाना मतीउल हक, मौलाना फुरकान, मौलाना अब्दुल जब्बार, मौलाना सरफराज, कारी जान मुहम्मद, कारी तय्यब, मौलाना सईद, मौलाना अब्दुल रशीद, मौलाना तजम्मुल, मौलाना मजहर, मौलाना इनामुल हक, मौलाना शाहजहां, मौलाना इम्तियाज, हाफिज असजद, मौलाना आरिफ, मौलाना शाहजहां, हाफिज आरिफ, दिलशाद, पत्रकार आदिल रशीद समेत सैंकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का रांची में जेईई-नीट डिवीजन शुरू

## रांची में ही पूरे होंगे स्टूडेंट्स के डॉक्टर व इंजीनियर बनने के सपने

### -एलन ने महेन्द्र सिंह धोनी से किया वादा निभाया, जनवरी से शुरू होगी कक्षाएं

**संवाददाता**

रांची। पिछले दस वर्षों से प्री-नर्चर कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) के रूप में सेवाएं दे रहा एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने राजधानी रांची में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। एलन रांची में नीट-जेईई डिवीजन की शुरूआत 31 अगस्त से हो चुकी है। यहां चाणक्य बीएनआर होटल में आयोजित समारोह में यह घोषणा की गई। इस अवसर पर एलन के झोनल हेड एवं वाइस प्रसीडेंट डॉ। विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन



किया गया। एलन रांची में वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जेईई मेन, एडवांस्ड और नीट-यूजी के बैच जनवरी माह से शुरू होंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ। विपिन योगी ने बताया कि फरवरी माह में एलन के कार्यक्रम में आए कैप्टन कूल और भारतीय क्रिकेट जगत के बादशाह रांची के सपूत महेन्द्र सिंह धोनी से एलन ने रांची में सेंटर शुरूआत करने का वादा किया था। इस वादे को निभाते हुए एलन सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए जेईई-नीट डिवीजन शुरू करने की घोषणा कर चुका है। अब रांची के स्टूडेंट्स को डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना पूरा करने के लिए किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। रांची में कोटा जैसा श्रेष्ठ शिक्षा और श्रेष्ठ माहौल दिया जाएगा। डॉ। योगी ने झारखंड सरकार द्वारा कोचिंग रेगुलेशन बिल पारित करने का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एलन, सरकार और प्रशासन के दिशा निदेर्शों के अनुसार गाइडलाइन की पालना करते हुए विद्यार्थियों के कॅरियर को दिशा देगा। गाइड लाइन का अध्ययन किया जा रहा है और हर कदम सरकार के निदेर्शानुसार ही उठाया जाएगा। हेमन्त योगी जो विगत 22 वर्षों से एलन कोटा में फिजिक्स पढ़ा रहे हैं उनको सेंटर हेड बनाया गया है और मुख्य रुप से कोटा की एक्सपर्ट फैकल्टीज के द्वारा ही अध्यापन कार्य होगा। सेंटर हेड ने बताया कि रांची में हरमू, हवाई नगर व लालपुर कैम्पस में पढ़ाई होगी। जेईई-नीट के बैच जनवरी माह से लालपुर कैम्पस में लगाए जाएंगे। स्टूडेंट्स एलन टैलेंटेक्स एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर को होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने कहा कि गत दस वर्षों में जूनियर डिवीजन सें जो विश्वास एलन का रांची से जुड़ा है। अब स्टूडेंट्स एलन रांची से नीट-जेईई परीक्षा में रांची में रहकर ही राष्ट्रीय स्तर के परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्रा।लि। 18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड वर्तमान में 7 देशों के साथ भारत के 24 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों के 65 शहरों में स्टडी सेंटर्स के माध्यम से शिक्षा मुहैया करवा रहा है। इन शहरों में 285 से अधिक क्लासरूम कैम्पस हैं तथा 400 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर्स हैं। स्थापना से अब तक 35 लाख से अधिक विद्यार्थी एलन से मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके हैं। एलन प्री-इंजीनियरिंग जेईई-मेन, एडवांस्ड, प्री-मेडिकल नीट-यूजी, प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (कक्षा 6 से 10 और ओलंपियाड) की तैयारी के लिए भारत का प्रमुख कोचिंग संस्थान है। एलन का फोकस स्टूडेंट्स के नॉलेज और कॉन्सेप्ट के फाउंडेशन को मजबूत करना है। गत 16 वर्षों में एलन के 27 स्टूडेंट्स ने इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।

# रांची जिला ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की नई समिति का गठन



**संवाददाता**

**रांचीः** जिला ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की नई समिति 2025, का पुनर्गठन कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब सभागार में रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की अगुवाई में समिति के आजीवन संस्थापक संयोजक डॉ अजीत सहाय, महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, संजय मिनोचा,एवं महासचिव रविन्द्र वर्मा, दुर्गा शंकर साहु, सत्यदेव तिवारी के साथ ही कमों बेस रांची महानगर के प्रमुख पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव एवं पूजा समिति के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें लगातार 11वीं बार तपेश्वर केशरी अध्यक्ष एवं बीरेंद्र साहु सर्वसम्मति से महामंत्री चुने गए। अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु ने कहा है कि बहुत जल्द रांची जिले के 18, प्रखंडों के सक्रीय भागीदारी निभाने वाले वरीय पदाधिकारियों एवं युवाओं के साथ समन्वय बनाकर राँची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति का विस्तारित समिति का घोषणा की जायेगी। बिहार क्लब सभागार में सैकड़ों पूजा समिति के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में रांची महावीर मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष जयसिंह यादव, राँची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक संयोजक डॉ अजीत सहाय , नारीशक्ति की अगुवा बिंदु सिंह, विनीता सिंह महिला मंडली एवं राँची महानगर एवं रांची ग्रामीण क्षेत्रों के पूजा समिति से आए गण मान्य लोगों की उपस्थिति में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु को तालियों की गड़गड़ाहट में माला पहनाकर एवं चादर ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

# साप्ताहिक कक्षा के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही साप्ताहिक कक्षा के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पिछले साल की भाँति इस साल भी साप्ताहिक कक्षा के बच्चों को प्रोत्साहन हेतु उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आज कृष्ण पुरी मे विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी की सेक्रेटरी रेखा देव द्वारा सम्मानित किया गया । यह कक्षा गरीब विद्यार्थियों के लिए चलाई जाती है ' जिसमें उनकी समस्याओं का समाधान एवं उनकी पढ़ाई में आ रही समस्याओं को दूर किया जाता है ' हर विषय की समस्याओं का समाधान किया जाता है । अपनी कक्षा से संबंधित विषयों में पढ़ाई में हो रही समस्याओं को दूर किया जाता है यह कक्षा सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को चलाई जाती है। यह कक्षा विद्यार्थियों के आग्रह पर 2022 में दुबारा शुरू की गई थी। आज 21 बच्चों की उपस्थिति उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक छोटा सा सम्मान दिया गया। सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा नित्य एवं स्पीच का कार्यक्रमके साथ बच्चों ने एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी बच्चों ने अपनी शिक्षिका विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की सेक्रेटरी रेखा देव सर्वप्रथम बीते वर्षों से चली आ रही साप्ताहिक कक्षा की उपलब्धियां के बारे में बताएं। विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी के मेंबर के तरफ से उनके लिए वस्त्र एवं सजावट की व्यवस्था की गई थी। बच्चों की शिक्षा में हो रहे सुधार के बारे में अवगत कराया गया। बच्चों से सुझाव मांगे गए एवं कुछ सुझाव के लिए सेक्रेटरी महोदय ने हामी भरी और भरोसा दिलाया कि जितना हो सकेगा उतना मैं करूंगी ' सभी बच्चे अच्छे मार्क्स से अपने-अपने कक्ष में उत्तीर्ण करेंगे यह हमारी कोशिश रहेगी और हर साल हमारा प्रदर्शन उत्कृष्ट हो। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की तरफ से सभी को एक मेडल और एक छोटा सा उपहार दिया गया जिन बच्चों का प्रदर्शन पिछले वर्ष अच्छा रहा ।

आज की कक्षा में अधिकतर छात्राएं उपस्थित थीं। जिसमें करनाथ टोली, पॉवर हाउस, घाघरा, हटिया तालाब, अपर चुटिया के बच्चे शामिल थे ' डोली, रानी, अनीश, पूजा, वैष्णवी, मेहुल, आरब, शान, रूपाली, रुचिका, बेबी, भास्कर, पीहू, प्रीति, स्वीटी, छोटी, अनीश, प्रथा स्वीटी, आंचल व अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

# यू डायस प्राप्त निजी विद्यालयों पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए बनाये जा रहे दबाव पर हुई चर्चा

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन रांची की एक आवश्यक बैठक एचएम पब्लिक स्कूल चुटिया में अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाल एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत कुछ जिलों में यू डायस प्राप्त निजी विद्यालयों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए दबाव डाला जा रहा है जिसका आज की बैठक में विरोध किया गया और याद दिलाया गया कि विगत तीन जनवरी को रांची के दैनिक अखबारों में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति निकाला गया था जिसमें साफ शब्दों में उल्लेख है कि इच्छुक विद्यालय जो ऑनलाइन भरना चाहते हैं वहीं विद्यालय भरें। किन्तु अभी कुछ जिलों में नोटिस आ गया है जिसे धीरे-धीरे पूरे झारखंड के सभी जिलों में लागू किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरविंद कुमार ने कहा कि हम निजी विद्यालयों के एसोसिएशन समय-समय पर मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को, पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो, स्व राम दास सोरेन को भी



अवगत कराया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि हम जल्द ही एक कमिटी गठन कर कोई न कोई बीच का रास्ता निकालेंगे। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। एसोसिएशन के महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम ने कहा कि विगत छह वर्षों से हम यू डायस कोर्ड द्वारा सरकार को छात्र , शिक्षक और विद्यालय का पूरा डाटा सरकार को देते हैं, सभी यू डायस कोर्ड प्राप्त निजी विद्यालयों की पूरी जानकारी शिक्षा विभाग के साथ केंद्र सरकार को है, सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों डाटा खुली किताब की तरह है फिर हमें ऑनलाइन भरने के लिए क्यों बाध्य कर रही है। बैठक का संचालन करते एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने कहा कि जब तक जमीन संबंधी बाध्यता को पूर्ण रूप से शिक्षा विभाग निरस्त नहीं करती जम सभी जिलों के निजी विद्यालय एक साथ मिल कर लड़ाई लड़ेंगे। ये किसी एक जिले की समस्या नहीं है बल्कि पूरे राज्य के निजी विद्यालयों की समस्या है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड में सी एन टी एक्ट एस पी टी एक्ट लागू है जो मात्र पांच वर्षों के लिए जमीन को लीज करती है तो फिर झारखंड के आदिवासी तीस वर्षों का लीज कैसे करें। संगठन सचिव रणधीर कुमार कौशिक ने कहा कि सरकार हमें बाध्य कर रही है कि अब हम बच्चों को शिक्षा न देकर आंदोलन के लिए बाध्य हों, जरूरत पड़ने पर हम लोगों को रोड पर उतरने के भी तैयार होना पड़ेगा और हम लोग उतरेंगे । उपाध्यक्ष अमीन अंसारी ने बैठक का निर्णय सुनाते हुए कहा कि अब हम लोग फिर से झारखंड के राज्यपाल , मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमन्त सोरेन से शिक्षा सचिव से प्रतिनिधि मंडल मिल कर समस्या को अवगत कराएंगे । यदि यहाँ भी सुनवाई नहीं होगी तब पूरे राज्य में सभी निजी विद्यालय एक दिन एक समय काला बिल्ला लगाएंगे, एक दिन सांकेतिक रूप से विद्यालय बंद करेंगे। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होती है तो पूरे राज्य के निजी विद्यालय एक विशाल महारैली का आयोजन मोरहाबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक करेंगे। उपाध्यक्ष सच्चिदानंद द्वारा अपने विचारों को देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में सत्येंद्र कुमार दुबे, अजय सिंह, मो फिरोज अंसारी, मुकेश कुमार सिंह, अजय किशोर, एलॉसीयूस कुजूर, जिशान अख्तर, कमल सिंह, डॉ पुरुषोत्तम सिंह, सुनील मालतो,सच्चिदानंद प्रसाद, अपूर्व शशांक, रवि प्रकाश, अली हसन, हेमंत कुमार तिवारी, वासुदेव सिंह, विकाश कुमार, रणधीर कुमार, अमीन अंसारी, सुभाष कुमार, मजीद अंसारी, आलोक बिपिन टोप्पो , मोजाहिदुल इस्लाम अरविंद कुमार अपने विचार दिए और एकजुटता दिखलाए। आज की बैठक में रांची शहरी क्षेत्र सहित विभिन्न प्रखंडों में ओरमांझी,चांहो, मांडर, कांके, नामकुम, सिल्ली, बेड़ो, नगड़ी, इटकी, रातु प्रखंड के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## निवेश से रणनीति तक नई ऊँचाइयाँ

भारत और जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं। बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज इक्कीसवीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर चीन के बाजार की आक्रामकता, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो । ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्?पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं। भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए। यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था। इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्त्रोत बनकर उभरा है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। यह भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा एफडीआई स्त्रोत है। जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब ख्10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह 2022 में किए गए पाँच साल के लिए ख्5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़ रुपए) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है। जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियाँ भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं। मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो व?िश?व के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है। साथ ही एक बाजार के तौर पर यह साफ दिखाई देता है कि जापान को बड़े पैमाने वाले बाजार की जरूरत है और भारत यह अवसर देता है। अमेरिकी टैरिफ से मुनाफा घट रहा है, इसलिए जापानी कंपनियों को अब ऐसे बाजार की तलाश है जहाँ कीमतें कम हों और खपत ज्यादा। भारत इस मामले में सबसे उपयुक्त है यहाँ 1.4 अरब की जनसंख?या है, तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है और 6.4% जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। यही वजह है कि भारत आज भी जापान के लिए सबसे व्यवहारिक निवेश और व?यापार का अवसर बना हुआ है। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) भारत की अनेक परियोजनाओं में सहायक रही है, दिल्ली मेट्रो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा आदि में इसके काम को देखा जा सकता है, जो दोनों ही देशों के परस्?पर के विश?वास को दृढ़ करने का आधार है। यह स्पष्ट है कि जापान, भारत की आर्थिक प्रगति में एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक सहयोगी है। अतः इन सभी आधारों के प्रकाश में कहना होगा कि भारत और जापान एक-दूसरे के लिए अपरिहार्य हैं। भारत के लिए जापान उच्च तकनीक, पूँजी, हरित ऊर्जा समाधान और स्थायी निवेश का स्त्रोत है। जापान के लिए भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला वह देश हे, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो अपने आप में एक विशाल उपभोक्ता बाजार है। दोनों देशों की यह परस्पर निर्भरता इन्हें स्वाभाविक साझेदार बनाती है। इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम सम्?बन्?धों के आधार पर तुलनात?मक अध?ययन करें तो ध?यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊँचाइयों तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है। इस दौरान संबंध ह्वविशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारीह्व तक उन्नत हुए। अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड मंच सक्रिय हुआ। जापान ने भारतीय स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचारों में भी निवेश बढ़ाया। यह सब दशार्ता है कि मोदी सरकार में दोनों देशों के रिश्तों ने ठोस और दीर्घकालिक दिशा पाई है। आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है। यह सहयोग भारत की ह्वनेट-जीरोह्व प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जापान की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हालाँकि भारत-जापान संबंध मजबूत हैं, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जापान यात्रा से हमें उम्?मीद करना चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे समाप्?त होंगी। क?योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश?वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है। एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और व?यापक बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूँजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्?न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं। हमें समझना होगा कि वर्तमान दौर में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, भले ही फिर ऐसा दिखाई देता हो, क?योंकि इस यात्रा का जो समय है, वह उस वक?त में निर्धारित हुआ है, जब अमेरिका ने भारत को आर्थक रूप से कमजोर करने के लिए उस पर भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का जापान जाना वस्?तुतः आज यह दर्शा रहा है कि भारत अपने इस साझेदार को रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से उच्च प्राथमिकता देता है। पिछले वर्षों में भारत और जापान के संबंधों का दायरा केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचे और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं। इसलिए आज फिर एक बार भारत-जापान मित्रता का नया अध्याय लिखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग के बहुआयामी आयाम इस रिश्ते को आने वाले दशकों तक और मजबूत करेंगे। फिर भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक-दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की साझेदारी भविष्य की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है।

# मध्यप्रदेश के कण-कण में है सौंदर्य

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्य प्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है। मध्य प्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है।**

**डॉ. मोहन यादव**

भारत का हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश अप्रतिम सौंदर्य से समृद्ध प्रदेश है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मध्य प्रदेश सर्वाधिक सम्मोहित करने वाला राज्य है। इसके कण-कण में सौंदर्य है। जो एक बार आता है यहां की स्मृतियों के सम्मोहन में बंधकर बार-बार आता है। मध्य प्रदेश में हर आयु के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है। पर्यटन के संबंध में दशकों पहले की अवधारणाएं अब समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन ने अब उद्योग का रूप ले लिया है। हमारी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों से पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन सर्वाधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सैक्टर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्य प्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है। मध्य प्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है। हमारे पर्यटन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह अत्यंत समृद्ध और विविधता से सम्पन्न है। साथ ही जिम्मेदार और सुरक्षित भी। प्रदेश में पर्यटन की नई-नई शाखाएं उभरी हैं। प्राकृतिक पर्यटन हो या सांस्कृतिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन हो या वन्यजीव पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन हो या रोमांचकारी पर्यटन, कृषि पर्यटन हो या फिल्म पर्यटन या नया उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन। इन सभी नये स्वरूपों के साथ मध्यप्रदेश की पहचान बहु आयामी पर्यटन प्रदेश के रूप में हो रही है। प्रदेश में अब पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। गत वर्ष देश में सर्वाधिक पर्यटक मध्यप्रदेश में आए। नैसर्गिक सौन्दर्य, वन्य प्राणी, धार्मिक स्थल, आकर्षक ऐतिहासिक विरासतें और हरे-भरे वन हमारी विशेषता हैं। हमारे वन जीवित हैं। देश में सर्वाधिक बाघ मध्य प्रदेश में हैं। चंबल सबसे साफ नदी है जिसमें घड़ियालों का संरक्षण हो रहा है। नर्मदा मैया के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि से मध्य प्रदेश अब देश का एकमात्र चीता प्रदेश बन गया है। चीतों का परिवार पालपुर कूनो में फल फूल रहा है। सांची, खजुराहो और भीमबेटका जैसी विश्वविख्यात धरोहर हमारी वैश्विक सांस्कृतिक पहचान है। अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल के पत्थर कला स्थल, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, रामनगर मंडला के गोंड स्मारक और मंदसौर का धमनार भी जुड़ने की तैयारी में हैं। इसके अलावा नर्मदा परिक्रमा, गोंड चित्रकला और भगोरिया उत्सव भी पर्यटन के नक्शे पर प्रमुखता से उभरे हैं। मध्य प्रदेश ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है, जिसने सबसे ज्यादा 18 स्थलों को विश्व विरासत सूची में शामिल करने की पहल की है।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सहयोग से मध्य प्रदेश के पर्यटन को नई दिशा मिली है। केन्द्र का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां ईको सेंसिटिव जोनल मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू किया गया और 27 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में से सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान और बोरी वन्य जीव अभयारण्य में पूरा हो गया। हैरिटेज पर्यटन की कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। प्रदेश में अधोसंरचना मजबूत होने, सड़क संपर्क में निरंतर सुधार होने और केन्द्र सरकार के सहयोग से रेल सुविधाओं के बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र और उद्योग को लाभ मिला है। इस क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। हाल में रीवा पर्यटन कॉन्क्लेव में तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। पर्यटन स्थलों में सुविधाएं निरंतर बढ़ाई जा रही हैं। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा की शुरूआत हुई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सतना और सिंगरौली के मध्य वायु सेवा का संचालन हो रहा है। मध्य प्रदेश सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। इसी समय आध्यात्मिक पर्यटन भी निरंतर विस्तार ले रहा है। भगवान श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन और यहां श्रीमहाकाल लोक विश्व विख्यात हैं। पिछले साल सात करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान में आध्यात्मिक पर्यटन भागीदारी को और ज्यादा सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है। ओरछा में भगवान श्रीराम का मंदिर है। यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान को राजा के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। यह अभूतपूर्व आध्यात्मिक घटनाक्रम है। यहां भगवान श्रीराम राजा की सरकार स्थापित है। ग्वालियर के ऐतिहासिक भव्य किले के संबंध में उल्लेख मिलता है कि भारत में पहली बार जीरो का लिखित इस्तेमाल कहां हुआ। ग्वालियर किले में नवीं शताब्दी के इस चतुर्भुज मंदिर में शून्य का सबसे शुरूआती शिलालेख पर उकेरा हुआ प्रमाण मिलता है। इस मंदिर को दुनिया में 'टैंपल ऑफ जीरो' के नाम से भी पहचाना जाता है। धार्मिक आयोजनों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। बाबा श्रीमहाकाल की दिव्य सवारी को भव्य रूप दिया गया। रक्षा बंधन के त्यौहार और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को सार्वजनिक रूप से प्रदेश के कोने-कोने में मनाया गया। धार्मिक महत्व के स्थलों में धार्मिक और सांस्कृतिक लोगो और स्मारकों का निर्माण आध्यात्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा। संत रविदास लोक सागर, रानी दुर्गावती स्मारक जबलपुर, देवी लोक सलकनपुर सीहोर, श्री रामराजा लोक ओरछा, जाम सांवली श्री हनुमान लोक पांढुर्ना, श्री पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, श्री परशुराम लोक जानापाव महू, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवा माता लोक नीमच, रानी अवंतीबाई स्मारक जबलपुर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक अनूपपुर, देवी अहिल्या लोक खरगौन और नागलवाड़ी लोक बड़वानी में किया जा रहा है। एक ओर जहां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन समृद्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर फिल्म पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। फिल्म निमार्ताओं को मध्य प्रदेश में आकर्षक सुविधाएं मिल रही हैं। कई प्रसिद्ध फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। इससे स्थानीय कलाकारों को फिल्मो में काम मिला। फिल्म यूनिट के सदस्यों को होम स्टे की सुविधाओं का लाभ मिला। होम स्टे की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति को देखने-समझने में होम स्टे अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल 100 पर्यटन ग्राम विकसित किए गए हैं, जिनमें से 63 पर्यटन ग्राम विकसित हो चुके हैं। इनमें 470 से ज्यादा होम स्टे हैं। देश के पहले हैंडलूम गाँव प्राणपुर को वैश्विक पहचान मिली है। गॉड, भील पेंटिंग और मांडना आर्ट जैसी जनजातीय कलाओं से पर्यटक परचित हुए हैं।

हमारा लक्ष्य है कि पर्यटन उद्योग का निरंतर विस्तार हो, ताकि पर्यटन की संभावनाओं को पूरी तरह रोजगार सृजन के लिये उपयोग किया जा सके। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटक प्रदेश में आये, जो एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना और पेंच में आवागमन बढ़ा है। जिस प्रकार मध्य प्रदेश ने आर्थिक निवेश के द्वार खोले हैं, पर्यटन क्षेत्र पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी, उद्योग समूहों के सहयोग और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से पर्यटन का क्षेत्र मध्य प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# इतिहास में औरंगजेब की क्रूरता और खून के छींटे

**मुगल बादशाहों की शासन शैली ही नहीं उनके परिवार का इतिहास भी बहुत खून-खराबे से भरा है। शाहजहां को भी गद्दी आसानी से नहीं मिली थी। उसने भी बादशाहत के लिए अपने भाई शहरयार और परिवार के कई सदस्यों की हत्या करवाई थी। वही रास्ता औरंगजेब ने अपनाया। शाहजहां का पिता बादशाह जहांगीर के निर्णय अपनी एक बेगम नूरजहां की मुट्ठी में होते थे।**

**रमेश शर्मा**

औरंगजेब अपने कट्टरपन और क्रूरता के लिये कुख्यात रहा है। उसने सत्ता के लिये अपने तीन भाइयों की हत्या की थी। इनमें सबसे बड़े भाई दारा शिकोह को बहुत क्रूरता से मारा, फिर उसका सिर काटकर तीन टुकड़े करके तोहफे के रूप में सजाया और पिता के पास के पास भेजा था। मुगल बादशाहों की शासन शैली ही नहीं उनके परिवार का इतिहास भी बहुत खून-खराबे से भरा है। शाहजहां को भी गद्दी आसानी से नहीं मिली थी। उसने भी बादशाहत के लिए अपने भाई शहरयार और परिवार के कई सदस्यों की हत्या करवाई थी। वही रास्ता औरंगजेब ने अपनाया। शाहजहां का पिता बादशाह जहांगीर के निर्णय अपनी एक बेगम नूरजहां की मुट्ठी में होते थे। नूरजहां मुगल दरबारी मिर्जा गयास बेग की बेटी थी लेकिन अकबर ने उसकी शादी शेर अफगान करा दी और शेर अफगान को वर्धमान की जागीर देकर बंगाल भेज दिया। अकबर की मौत के बाद शाहजादे सलीम ने बादशाह जहांगीर के नाम से गद्दी संभाली और रहस्यमय तरीके से शेर अफगान की मौत हो गई। इतिहासकारों का मानना है कि बादशाह जहांगीर ने ही शेर अफगान की हत्या करवाई। बरहाल पति शेर अफगान की मौत के बाद नूरजहां आगरा आ गई। बादशाह जहांगीर से शादी करके मुगल बेगम बनी। आगरा आते समय नूरजहां अपनी बेटी लाड़ली बेगम को साथ लाई थी। नूरजहां ने इस बेटी की शादी अपने नये पति जहांगीर के बेटे शहरयार मिर्जा से करा दी। और यह प्रयास किया कि जहांगीर के बाद यह बेटा शहरयार ही बादशाह बने। हालांकि शाहजहां की बेगम मुमताज का पिता आसफ खां नूरजहां का भाई था। लेकिन नूरजहां अपने भाई के दामाद की बजाय अपने दामाद को बादशाह बनाना चाहती थी। भतीजी थी। इसका आभास शाहजहां को भी हो गया और आसफखां को भी। ये दोनों भी अपनी तैयारी में गये। 1627 में बादशाह जहांगीर की मौत हुई। शाहजहां ने अपने भाई शहरयार और तीन अन्य शहजादों को मौत के घाट उतारकर गद्दी संभाल ली। सत्ता पर अधिकार करने के लिये शाहजहां का बेटा औरंगजेब भी अपने पिता की राह पर ही चला। लेकिन दोनों में एक अंतर अवश्य है। शाहजहां सत्ता का नैसर्गिक उत्तराधिकारी था। जिसे दूर करने केलिये नूरजहां ने कई प्रकार की जमावट की थी। जबकि औरंगजेब सत्ता का नैसर्गिक उत्तराधिकारी नहीं था। उत्तराधिकारी दारा शिकोह था। दारा शिकोह औरंगजेब सहित कुल 14 भाई-बहन थे। भाइयों में दारा ही सबसे बड़ा था। दारा से बड़ी दो बहनें थीं। दो बेटियों के बाद दारा का जन्म हुआ था। दो बेटियों के बाद जन्मे बेटे के प्रति मुमताज और शाहजहां का अतिरिक्त स्नेह भी था। इस तरह दारा शिकोह को मुगल साम्राज्य का सहज उत्तराधिकारी भी माना गया। समय के साथ शाहजहां ने इसकी अधिकृत घोषणा भी कर दी थी। दारा शिकोह को शहजादा-ए-बुलंद इकबाल की उपाधि देकर पहले इलाहाबाद का सूबेदार बनाया, फिर कुछ रूतबा बढ़ाया। 30,000 पैदल एवं 20,000 घुड़सवार सेना की कमान सौंपकर गुजरात का सूबेदार घोषित कर दिया। यहीं से औरंगजेब ने अपनी जमावट शुरू करदी थी। औरंगजेब दक्षिण भारत चला गया। उसने महाराष्ट्र को केन्द्र बनाकर राजस्थान पर अपनी पकड़ बनाई और दरबार में भी जमावट की। दारा शिकोह एक अच्छा प्रशासक होने के साथ दार्शनिक मानसिकता का था। वह दो सूफी संतों के समीप था। वह युद्ध के बजाय शांति और विकास का पक्षधर था। वह इस्लाम को ₹मुसलमानियत₹ से ऊपर ₹इंसानियत₹ का मजहब मानता था। उसने उपनिषदों का फारसी में अनुवाद भी कराया था। और स्वयं भी कुछ किताबें लिखीं। दारा की यह उदारवादी सोच कुछ उलेमाओं को पसंद नहीं थी। औरंगजेब ने इसका भी लाभ उठाया। 1657 में शाहजहां बीमार हुये। बादशाह की ओर से सारा राजकाज दारा शिकोह ने संभाल लिया। औरंगजेब को इसी की प्रतिक्षा थी। दक्षिण से एक बड़ी सेना धावा बोल दिया। पहले हमले में उसे पीछे हटना पड़ा। शाही सेना भारी पड़ी। लेकिन उसने दोबारा तैयारी की। इस बार शाही सेना का एक बड़ा समूह टूटकर औरंगजेब से मिल गया। यह अतिरिक्त शक्ति पाकर औरंगजेब ने दोबारा धावा बोला। वह आगरा के रास्ते दिल्ली की ओर बढ़ा। यह संघर्ष कुछ लंबा चला। अंत में दारा शिकोह पराजित हो गया। वह तो भाग गया। लेकिन बादशाह शाहजहां औरंगजेब की पकड़ में आ गया। शाहजहां औरंगजेब को गद्दी देने तैयार न हुआ। तब औरंगजेब ने 1658 में शाहजहां को कैद करके आगरा भेज दिया। और एक बड़ी सेना दारा के पीछे लगा दी। आगे आगे दारा शिकोह और पीछे औरंगजेब की फौज। दारा पहले लाहौर गया फिर मुल्तान, सिंध, कच्छ के रण को पार करके काठियावाड़ पहुंचा। गुजरात के किलेदार शाह नवाज खान ने उसकी सहायता की। उसने नई सेना गठित की। सेना तैयार होने के बाद दारा सूरत के रास्ते अजमेर की ओर बढ़ा। अजमेर के पास देवराई में मुगल सेना से भीषण युद्ध हुआ। 11 मार्च 1659 को निर्णायक युद्ध में दारा शिकोह की पराजय हुई। वह सिंध भाग गया। जहां उसने किलेदार जुनैद खान से सहायता मांगी। लेकिन जुनैद ने दारा शिकोह को बंदी बनाकर औरंगजेब को सूचना भेज दी। मुगल सेना दारा शिकोह को जंजीरों में जकड़ कर दिल्ली लाई। यहां उसे एक बीमार और बदबूदार हाथी पर बिठाकर दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया, गंदगी फेंकी गई। अंत में 30 अगस्त 1659 की रात को उसके बेटे सुलेमान के सामने उसे क्रूरतम मौत दी गई। फिर सुलेमान को भी मार डाला गया। औरंगजेब के आदेश पर दारा शिकोह का सिर काटकर लाया गया। सिर के तीन टुकड़े करके एक डब्बे में तोहफे के रूप में सजाया गया और आगरे के किले में कैद शाहजहां के पास भेजा गया।

औरंगजेब ने अपने विशेष संदेशवाहक को यह निर्देश भी दिया कि यह तोहफा शाहजहां को तभी दिया जाए जब वह भोजन के लिए बैठे। संदेशवाहक आगरा पहुंचा। और जब शाहजहां भोजन के लिये बैठा तब संदेशवाहक ने कहा-₹ आपका पुत्र बादशाह औरंगजेब आपको याद करता है और यह नजराना भेजा है।₹ सुनकर शाहजहां बहुत खुश हुआ और कहा- ₹अल्लाह का शुक्र है कि मेरा बेटा मुझे अब भी याद रखता है।₹ लेकिन संदूक खोलते ही उसमें सिर के टुकड़े देखकर भयभीत हो गया। तब शाहजहां को बताया गया कि ₹यह आपके बेटे दारा शिकोह के सिर के टुकड़े हैं₹ सुनकर शाहजहां बेहोश हो गया। दारा शिकोह की मौत का विवरण अन्य इतिहासकारों के अतिरिक्त मुगल दरबार में आये एक वेनिस यात्री निकोलाओ मनुची ने भी लिखा है।

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# प्रेम, भक्ति एवं शक्ति की अनंत ज्योति हैं राधाजी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी का दिन भारतीय संस्कृति में प्रेम, भक्ति, शक्ति और समर्पण का अनोखा पर्व लेकर आता है-यह है राधाष्टमी। इसे राधा रानी का जन्मोत्सव माना जाता है। यह केवल किसी भक्ति की शिखर नारी चरित्र के जन्मोत्सव का पर्व नहीं, बल्कि उस दिव्य शक्ति की अभ्यर्थना है जिसने स्वयं श्रीकृष्ण के जीवन को एक अनूठी ऊंचाई दी। इस दिन भक्त राधा और श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और उनकी कृपा से सुख-समृद्धि व सौभाग्य की प्राप्ति की कामना करते हैं। ब्रजभूमि, खासकर बरसाना में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। राधाजी प्रेम, भक्ति और श्रीकृष्ण के भीतर छिपी शक्ति का प्रतीक हैं; वह प्रेम की पराकाष्ठा, भक्ति की देवी और श्रीकृष्ण की आंतरिक शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। उनका दिव्य प्रेम आध्यात्मिक प्रेम की एक मिसाल है। यदि श्रीकृष्ण लीला, माधुर्य और करुणा के अवतार हैं, तो राधा उस लीला का रस, उस माधुर्य की गहराई और उस करुणा की आत्मा हैं। इसीलिए भारतीय भक्ति परंपरा में कहा गया-ह्वराधे बिनु नहीं कृष्ण, कृष्ण बिनु नहीं राधेह्व। राधा भारतीय संस्कृति में केवल एक स्त्री का नाम नहीं हैं, वे प्रेम की पराकाष्ठा और भक्ति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति हैं। उनका प्रेम सांसारिक या देहाधारित नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा का मिलन है। यह प्रेम स्वार्थ और अधिकार से परे है, यह प्रेम केवल समर्पण और तादात्म्य का है। राधा का जीवन त्याग और अनुराग का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं चाहा, उनका हर भाव, हर श्वास केवल श्रीकृष्ण में रमा रहा। यही कारण है कि भक्त कवियों ने राधा को ह्यभक्ति-रस की मूर्तिह्न और ह्यप्रेम की अधिष्ठात्री देवीह्न कहा। सूरदास ने लिखा-ह्यप्रेम भया मनु भाव समाना, राधा तन मन कृष्ण बखाना।ह्न अर्थात्, प्रेम ऐसा हो कि हृदय और आत्मा में केवल श्रीकृष्ण का ही वास हो जाए। निश्चित ही राधा और श्रीकृष्ण का संबंध, आत्मा और परमात्मा का अद्भुत एवं विलक्षण संवाद है। सामान्य दृष्टि से देखने पर राधा और श्रीकृष्ण का संबंध केवल प्रेमिका-प्रेमी का प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ बहुत गहन है। यह संबंध सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है। यह आत्मा और परमात्मा का शाश्वत संवाद इसलिये है कि इसमें किसी प्रकार का मोह, स्वार्थ या वासना नहीं है। राधा श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करती हैं। श्रीकृष्ण लीला के केंद्र हैं, परंतु वह लीला राधा के बिना अधूरी है। इसीलिए भक्त परंपरा में श्रीकृष्ण का नाम लेने से पहले राधा का नाम लिया जाता है, ह्वराधे-कृष्णह्व, ह्वश्यामा-श्यामह्व। यह क्रम अपने आप में गहरा दार्शनिक संदेश देता है कि परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग राधा जैसे प्रेम और भक्ति से होकर जाता है। राधा केवल श्रीकृष्ण की प्रेयसी नहीं, बल्कि उनकी शक्ति और प्रेरणा हैं।

## टिप्स

### काशी की गलियों का स्वाद घर पर

बनारस यानी की वाराणसी सिर्फ मंदिरों, घाटों और संगीत का शहर नहीं बल्कि यहां की गलियां भी काफी फेमस है। इसके अलावा बनारस की एक अनोखी चाट भी काफी ज्यादा फेमस है। इस चाट के बारे में वह लोग जरूर जानते होंगे, जो बनारस गए हैं। बनारस में दशाश्वमेध घाट के पास या गोदौलिया चौराहे की फेमस टमाटर चाट काफी ज्यादा मशहूर है। इस चाट की यह खासियत है कि इसको खाने के बाद हर कोई दीवाना हो जाता है। यह कोई आलू टिक्की और पानी पूरी जैसी चाट नहीं है, बल्कि यह एक खास तरीके की चाट है। इस चाट में टमाटर, मसाले, देसी घी और खुशबूदार चटनी का ऐसा मेल होता है, जोकि स्वाद में लाजवाब है। इस चाट की यह खासियत है कि इसको स्ट्रीट स्टाइल में कड़ाही में ही तैयार किया जाता है। गर्मागर्म, देसी घी में तली हुई और ऊपर से कुरकुरी नमकीन और धनिया से गॉर्निश की जाती है। इस चाट को बनाना बहुत आसान है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ टमाटर चाट की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## पाइप लाइन को काट देने से महीनों से जलापूर्ति ठप, ग्रामीणों में आक्रोश



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के कटहलबाड़ी - श्रीधर सड़क को ग्रामीणों ने किया जाम, बताया गया है कि संवेदक के द्वारा नाली निर्माण कार्य को लेकर मोमिन टोला के पास सड़क किनारे खुदाई के दौरान जल नल योजना के द्वारा बिछाई गई।पाइप लाइन को काट देने से महीनों से जलापूर्ति गांव में ठप है।साथ ही सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में आये दिन सड़क दुघर्टना घट रही है।मामले को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हो पाया है।जिसके कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त सड़क को मंगलवार सुबह जाम कर दिया।इस संबंध उधवा बीडीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि जाम हटाने के लिए राधानगर थाना प्रभारी के नेतृत्व एक टीम भेजी गई है।

## स्टेडियम रोड के समीप 2 मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर तीन घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेडियम रोड स्थित सोमवार की सुबह लगभग 10:30 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई।वही स्थानीय समाजसेवी पवन सिंह सहित अन्य लोगों ने आनंन- फानन में इलाज हेतु जिला सदर अस्पताल लाया गया।जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार करते नजर आए हालांकि घायल के परिजनों को इसकी सुचना दी गई है।समाचार लिखे जाने तक डॉक्टर के द्वारा दो की हालत गंभीर बताया जा रहा है।

## गुस्से में आकर अवधेश ने खाया कीटनाशक, पहुंचा अस्पताल

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के निवासी अवधेश कुमार एवं उसकी पत्नी के बीच हुए विवाद के कारण अवधेश ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।स्वजनों ने बताया कि अवधेश व उसकी पत्नी के बीच हल्की नोक झोक हो रही थी। विवाद बढ़ गया कभी गुस्से में आकर अवधेश ने खेत में डालने वाला कीटनाशक दवा खा लिया। कीटनाशक दवा खाने के कारण अवधेश मूर्छित होने लगा। सभी मिलकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवा जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू की फिलहाल अवधेश खतरे से बाहर हैं।

## ग्रीन होटल मोड़ के समीप दो पक्षों में जमकर मारपीट

साहिबगंजः गणेश पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर थाना क्षेत्र के ग्रीन होटल मोड़ के समीप दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें शोभनपुर भट्टा निवासी रोहित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रोहित को उसके दोस्तों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।घायल रोहित ने बताया कि मैं गणेश पूजा का विसर्जन देखने गया था तभी ग्रीन होटल के पास कुछ नेपाली,भुवर सहित अन्य युवकों ने विसर्जन में लाठी डांटे से मुझे मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मेरे दोस्तों ने मेरी जान बचाई और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण




**साहिबगंज :** प्रखंड अंतर्गत रामपुर दियारा, टोपरा दियारा एवं हरप्रसाद दियारा गांवों में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच जिला प्रशासन द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज श्री अमर जॉन आईन्द एवं अंचलाधिकारी साहिबगंज श्री बास्की नाथ टुडू स्वयं उपस्थित रहकर राहत वितरण कार्य का संचालन किया।अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। राहत सामग्री के रूप में खाद्यान्न एवं आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएँ पीड़ित परिवारों तक पहुँचाई गईं।अपर समाहर्ता ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मियों को सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी अपील का पालन करने की अपील की।

## पूजा में लोगो की सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाएगा : मनोज यादव

साहिबगंजःसदर प्रखंड के महादेवगंज दुर्गा पूजा समिति की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में शिपुजन भगत की अध्यक्षता में हुई।बैठक मे दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से पूजा मनाने का निर्लय लिया।वही समिति के अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया की इस बार भी पंडाल और प्रतिमा आकर्षक रहेगा।

# पेड़ है तो इंसान पशु पक्षी पानी है, जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाए : प्रमोद एक्का

### मोबाइल लैपटॉप स्वस्थ्य जीवन पौष्टिक भोजन पानी नहीं देंगे पेड़ पौधा ही देंगे

**संवाददाता**



**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत सोमवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, कृषि पदाधिकारी अरुण भोक्ता, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स संरक्षक सज्जन पोद्दार, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित अन्य ने नारियल ओर आम का पौधा स्कूली छात्रों को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। वही जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि पेड़ है तो इंसान पशु पक्षी ओर पानी है, इस वर्ष साहिबगंज होकर मानसून झारखंड में पहुंचा और दो वर्षों बाद जिला में अच्छी बारिश हुई है। ये सब हरियाली के कारण संभव हुआ है। जिलेवासी अपने जन्मदिन पर एक फलदार पेड़ अवश्य लगाए और देखभाल करके बढ़ा करे। वही उन्होंने पौधा लगाने और पौधा की विशेषता के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया। कृषि पदाधिकारी अरुण भोक्ता ने कहा कि जिलेवासी अब जागरूक हुए है, जिससे जिला में हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिला, तभी यहां इतने सारे विदेशी साइबेरियन पक्षी सहित पक्षियों चिड़िया की संख्या बढ़ी है। हर कोई इस मानसून एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स संरक्षक सज्जन पोद्दार ने कहा कि वृक्ष फल फूल देने के साथ साथ ऑक्सीजन देता है, जिससे इंसान पशु पक्षी सांस लेते है। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि वातावरण जितना हरा भरा रहेगा प्रदूषण कम होगा, इंसानों को शुद्ध हवा मिलेगा। विद्यालय प्रधानाचार्य रानी झा ने कहा कि विकास के नाम पर पेड़ पौधा की कटाई हो रही है। लैपटॉप मोबाइल बेहतर स्वास्थ्य पौष्टिक भोजन नहीं देगा। बेहतर स्वास्थ्य, पौष्टिक भोजन, प्राकृतिक का बचाव सिर्फ पेड़ लगाकर किया जा सकता है। अब समय नजरअंदाज करने का नहीं बल्कि पौधारोपण के प्रति जागरूक होने का है। वही प्रधानाचार्य ने जागरूकता गीत गाकर सभी को आनंदित किया, जागरूक किया। गंगा मिशन के सदस्य सुरेश निर्मल ने बताया कि गंगा मिशन के प्रधान ट्रस्टी प्रहलाद राय जी गोयंका की ओर से दूसरे वर्ष पौधारोपण सह पौधावितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 129 पौधा जिसमे आम, नारियल, शरीफा, आंवला, कटहल, लीची, अमरूद, नींबू, तूत, खिन्नी, बेल, मालबेरी सहित फलदार पौधा का वितरण किया गया है। सुबह 7 बजे से 8 बजे तक पौधा वितरण किया जाएगा। वही स्कूली छात्र प्रधानाचार्य की अगुवाई में हाथों में पौधा लेकर शहर भ्रमण करते हुए लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया ओर एक पेड़ मां के नाम, पौधा लगाए जीवन बचाए जैसे जागरूकता नारा लगाया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद सुशील भरतीया, अभय भगत, रवि भगत, पिंटू झुनझुनवाला, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष मोहित बेराजका, सचिव अंकित केजरीवाल, रत्न अग्रवाल, राजेश, वार्ड जमादार राजेश मंडल, राजस्थान मध्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सैकड़ों छात्र व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीएसई के कार्रवाई का हुआ असर




**संवाददाता**

**दुमका :** जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार के द्वारा आयोजित बैठक में संकुल साधन सेवियों पर की गई कार्रवाई का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। आदेशानुसार आज जिला शिक्षा कार्यालय सहित सभी प्रखंड संसाधन केंद्र खुले रहे, जहां मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना को विशेष फोकस कर कार्य संपादित किया गया।

कल तक जहां 3290 विद्यालय पंजीकृत थे, वहीं आज संख्या बढ़कर 4500 से अधिक हो गई। रानीश्वर, गोपीकांदर, काठीकुंड एवं मसलिया प्रखंड में शत-प्रतिशत विद्यालयों का पंजीकरण सुनिश्चित कर लिया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने कहा कि यदि सभी संकुल ईमानदारी व तत्परता से कार्य करें तो बिना कार्रवाई के ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाह कर्मियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ₹आप बेहतर कार्य करेंगे तो विभाग की ओर से आपको पुरस्कृत भी किया जाएगा, किंतु काम में लापरवाही करने वालों को या तो कार्य करना होगा या कार्य छोड़ना होगा, उन्होंने कहा।

जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम ने कहा कि यदि गोपीकांदर जैसा दूरस्थ प्रखंड उत्कृष्ट कार्य कर सकता है तो दुमका मुख्यालय प्रखंड का पीछे रहना शोभनीय नहीं है। इससे जिले की छवि प्रभावित होती है।

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यदि सभी मिलकर लगन और परिश्रम से कार्य करें तो जिले की रैंकिंग अवश्य बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि कई बार निर्देश देने के बाद भी सुधार नहीं होने पर विभाग को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। ह्लजो कार्य बीईईओ एवं बीपीओ स्तर से होना चाहिए, उसे जिला स्तर से करना पड़ रहा है, जो उचित नहीं है।

## उप विकास आयुक्त ने किया सरकारी योजनाओं का निरीक्षण

**संवाददाता**



**देवघर :** जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने रविवार को देवघर प्रखंड के ग्राम पंचायत शंकरी का निरीक्षण कर ग्राम झूमरबाद एवं पदनबेहरा में विभिन्न बिरसा हरित ग्राम योजनाओं, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना, दीदी बाड़ी योजना, अबुआ आवास योजनाओं आदि का एरिया ऑफिसर ऐप द्वारा निरीक्षण किया । साथ ही आवास योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में पाई गयी त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया, ताकि ससमय एवं पारदर्शिता के साथ काम को पूर्ण किया जा सके। आगे मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में ८४‘३ँ१ं एवं ीङ्घ ील्लूल्लॅ जैसी नवीन तकनीकी व्यवस्था को अनिवार्य रूप से अपनाने का निर्देश दिया गया, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकें। साथ ही मनरेगा में लागू नयी भुगतान प्रणाली एस एन ए स्पर्श के तहत भुगतान की प्रक्रिया में देवघर प्रखंड की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए में भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, देवघर एवं मनरेगा की जिलास्तरीय टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## संध्या चौपाल से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई

**संवाददाता**



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान के निदेर्शानुसार आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत पंडरिया गाँव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. पंकज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियो ने किया।इस अवसर पर एलइडी वेन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न वेक्टर जनित रोगोंजैसे कालाजार, मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू नियमित टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, जीरो डोज, परिवार नियोजन एवं 1 सितम्बर को होने वाले क्र्र कीटनाशी छिड़काव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।संध्या चौपाल में ग्रामीणों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ भी प्रदान की गईं।स्वास्थ्य जांच बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया, यक्ष्मा, एचआईवी सहित अन्य जांचें की गईं।दवा वितरण : जांच उपरांत आवश्यक दवाएँ स्थल पर ही उपलब्ध कराई गईं।कार्ड निर्माण ग्रामीणों के लिए आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाए गए।इस संध्या चौपाल के माध्यम से न केवल ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए सुरक्षित एवं जागरूक बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

## घटना की शिकायत घायल लक्ष्मण ने नगर थाना पुलिस

**साहिबगंजः** नगर थाना क्षेत्र के दहला दुर्गा स्थान निवासी लक्ष्मण यादव को कुछ युवकों ने दुर्गा स्थान के पास मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की शिकायत घायल लक्ष्मण ने नगर थाना पुलिस से किया। लक्ष्मण यादव ने बताया कि दहला दुर्गा स्थान मैं अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था और दुर्गा पूजा से संबंधित कुछ बातें हो रही थी ।इसी दौरान धीरज यादव ,विजय यादव, अंशु सिन्हा सहित अन्य लोग आएं और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दिए। इसी दौरान कुछ लोगों ने मुझे पकड़ के मेरे गले से चांदी का चेन सहित कुछ नगद रुपर भी छीन लिए। दोस्तों ने उन लोगों का खदेड़ा तभी मेरी जान बच पाई। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डॉ. जैनेन्द्र यादव एक बार फिर नियुक्त हुए डीएसडब्ल्यू

**संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने एक बार फिर डॉ. जैनेन्द्र यादव को विश्वविद्यालय का डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) नियुक्त किया है। बता दें कि डॉ. यादव को इसी वर्ष मार्च माह में भी छह माह का सेवा विस्तार दिया गया था। अब एक बार फिर उन्हें दो वर्ष की अवधि के लिए अथवा सेवानिवृत्ति, जो पहले हो, तक के लिए डीएसडब्ल्यू पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि डॉ. जैनेन्द्र यादव स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे विश्वविद्यालय में डीन, विभागाध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। पिछले लगभग दो वर्षों से वे प्रभावी ढंग से विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. यादव अपने छात्रों के बीच एक लोकप्रिय शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। वे राजनीति विज्ञान विषय के कुशल एवं समर्पित शिक्षक हैं और छात्रहित में उनके कार्यों को व्यापक सराहना प्राप्त होती रही है। उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता, अनुशासन और छात्र-कल्याण के प्रति सजगता ने उन्हें विश्वविद्यालय समुदाय में एक विशिष्ट स्थान दिलाया है।

डॉ. यादव के पिछले कार्यकाल के दौरान छात्रों के नामांकन और पंजीकरण से संबंधित प्रक्रियाओं को काफी हद तक सरल और सुलभ बना दिया गया था, जिसका परिणाम यह हुआ कि अब मात्र कुछ ही छात्रों को विश्वविद्यालय आकर कार्य करवाना पड़ता है। डीएसडब्ल्यू कार्यालय के सभी कार्यों में उन्होंने पारदर्शिता और सुगमता को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः नियुक्त किया है।



उनकी पुनर्नियुक्ति पर विश्वविद्यालय के तमाम कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस पर डॉ. यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा– ₹मेरे वरिष्ठ सहयोगियों, मित्रों और प्रिय छात्रों, आपकी शुभकामनाओं के लिए मैं हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। आपका समर्थन और प्रोत्साहन मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं प्रतिबद्ध हूँ कि छात्रों के कल्याण को बेहतर बनाने, एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने और हमारे संस्थान में एक मजबूत संबंध कायम करने हेतु मैं अपना कार्य पूरी निष्ठा से करता रहूँगा।₹

इधर, विश्वविद्यालय में डीएसडब्ल्यू पद के अतिरिक्त वित्त पदाधिकारी और परीक्षा नियंत्रक का कार्यकाल भी आज समाप्त हो रहा है। वर्तमान में डॉ. संजय कुमार सिन्हा विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी हैं तथा डॉ. जय कुमार शाह परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। इन दोनों पदों पर नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय फिलहाल राजभवन के निर्देश की प्रतीक्षा कर रहा है।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय परिनियम के अनुसार डीएसडब्ल्यू की नियुक्ति का अधिकार कुलपति को प्राप्त है। इसी अधिकार के तहत कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने डॉ. जैनेन्द्र यादव को पुनः डीएसडब्ल्यू नियुक्त किया है। जबकि परीक्षा नियंत्रक और वित्त पदाधिकारी की नियमित नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से होती है और प्रभारी नियुक्ति के लिए राजभवन से निर्देश प्राप्त किए जाते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय को अभी इन दोनों पदों की नियुक्ति के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।डॉ. यादव की डीएसडब्ल्यू पद पर पुनर्नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शनिवार को जारी कर दी गई है।

# रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है



**अजय देवगन ने जब नई स्टारकास्ट के साथ गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक शैतान बनाया, तो फिल्म की मुख्य अदाकारा जानकी बोडीवाला को रिप्लेस नहीं कर सके। वश में आर्या और शैतान में जाह्नवी के रोल में जानकी ने गुजराती और हिंदी दोनों ही भाषाओं के दर्शकों का दिल जीता। अब वह वश लेवल 2 में नजर आने वाली हैं। यह 2023 में आई वश का ही सीक्वल है। फिल्म 27 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।**

इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड और गुजराती फिल्मों में काम करने के अपने अनुभव, दोनों इंडस्ट्री के बीच अंतर पर खुलकर बात की। जानकी ने माना कि रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है, जबकि बॉलीवुड में बहुत हद तक यह मुमकिन नहीं हो पाता।

**आप मेडिकल बैकग्राउंड से हैं, तो अचानक फिल्मों में आना कैसे हुआ?**

मैं मतलब डॉक्टर बैग्राउंड से होने वाली थी। मगर मैंने वह पढ़ाई कम्पलीट नहीं की। इसी दौरान मुझे मेरे डायरेक्टर कृष्णदेव याग्निक (डेब्यू फिल्म के निर्देशक) मिल गए जिन्होंने मुझे गुजरात में पहचान दिलाई। यह उनका ही फैसला था कि वह मुझे अपनी पहली फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं। और उन्होंने ही फिल्म वश भी बनाई जिसके लिए ना सिर्फ मुझे पूरे देश में पहचान मिली, बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

**अभी आप वश 2 में काम कर रही हैं जो हिंदी में रिलीज हो रही है। बाद में हो सकता है कि आप शैतान के सीक्वल में भी हों, तो आपके लिए कितना चैलेंजिंग होगा उस समय, क्योंकि लोग वश 2 देख चुके होंगे?**

शैतान का अंत गुजराती फिल्म वश से अलग था। तो शायद वह अपना एक अलग यूनिवर्स क्रिएट करेंगे। हालांकि उसके बारे में मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं है, लेकिन हां, मुझे दोनों फिल्मों में काम करके बहुत अच्छा लगा, बहुत मजा आया। इतने बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ काम किया, बहुत कुछ सीखने को भी मिला।

**आप गुजरात फिल्म इंडस्ट्री के विकास को किस तरह से देखती हैं?**

रीजनल सिनेमा में अच्छी बात यह होती है कि हमारे पास बहुत अलग-अलग तरह का कंटेंट ट्राय करने का स्पेस होता है। रीजनल सिनेमा में हमारे पास एक आज़ादी होती है और यही वजह है कि हम बहुत कुछ नया बना सकते हैं। मुझे रीजनल सिनेमा की यह बात बहुत अच्छी लगती है।

**हिंदी हो या गुजराती, आपको कई सीनियर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला। आपका कैसा अनुभव रहा?**

मुझे जब पता चला कि हीतू कनोडिया (गुजरात सिनेमा के जाने-माने कलाकार) फिल्म में मेरे पिता का रोल अदा करने वाले हैं और फिल्म में हितेन कुमार भी होंगे, तो मैं पहले तो अंदर से हिल गई थी। दरअसल, जब इतने बड़े एक्टर्स आपके साथ काम कर रहे होते हैं तो आपको परफॉर्म करना ही पड़ता है। ऐसे में मेरे पास भी तब परफॉर्म करने के अलावा कोई और ऑप्शन ही नहीं था। मगर यहां भी मेरी सफलता का क्रेडिट मेरे डायरेक्टर को जाता है जिन्होंने मुझे सिखाने के लिए वर्कशॉप करवाई और कॉन्फिडेंस दिया कि मैं कर सकती हूं।

### अजय देवगन के साथ काम का कैसा एक्सपीरियंस कैसा था?



उनके साथ काम करने का अनुभव भी बहुत बढ़िया रहा। मैंने तो उम्मीद ही नहीं की थी कि वह मुझे उस स्तर का कम्फर्ट महसूस करवाएंगे, क्योंकि वह मेरी पहली हिंदी फिल्म थी। जिस हिसाब से मुझे वहां लोगों का ट्रीटमेंट मिला, खासकर एक्टर्स से, वह काफी अच्छा और यादगार था। उन्होंने मुझे महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं एक न्यूकमर हूं। वहां मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और इन सभी सीनियर कलाकारों से मिली सीख को मैं अपनी आगे की फिल्मों में अप्लाई करूंगी।

# तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म है कंचना 4



एक्ट्रेस नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी। नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया। नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है। नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।

## सिद्धार्थ और जाह्नवी हैं परम सुंदरी की परफेक्ट जोड़ी

प्रोड्यूसर दिनेश विजन ने अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म आधुनिक तकनीक और पारंपरिक जीवन शैली के बीच के अंतर को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में सिद्धार्थ और जाह्नवी को कास्ट करने का कारण उनकी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग शख्सियत और उनके किरदारों के साथ उनका तालमेल है।



टेक्नोलॉजी बनाम सादगी: विजन के मुताबिक, परम सुंदरी सिर्फ एक क्रॉस-कल्चरल कहानी नहीं है, बल्कि यह आज के युवाओं की ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। फिल्म का नायक परम, एक ऐसा किरदार है जो टेक्नोलॉजी और ऐप्स पर पूरी तरह निर्भर है। वहीं, सुंदरी का किरदार एक ऐसी दुनिया से आता है जहाँ जीवन बहुत सरल और तकनीक के प्रभाव से दूर है। विजन ने कहा, फिल्म की कहानी यही संदेश देती है कि आज के युवा हर काम के लिए ऐप्स पर निर्भर हैं, और इस वजह से वे असली और ऑर्गेनिक रिश्तों की खूबसूरती को भूलते जा रहे हैं।

कास्टिंग पर विजन के विचार: दिनेश विजन ने सिद्धार्थ और जाह्नवी की कास्टिंग को लेकर कहा कि सिद्धार्थ एक हैंडसम हीरो हैं, लेकिन उन्होंने पिछले छह सालों में कोई रोमांटिक-कॉमेडी नहीं की है। वहीं, जाह्नवी, जो असल जिंदगी में सुंदरी जैसी ही हैं, ने भी ऐसा रोल पहले कभी नहीं निभाया।

## नुसरत भरूचा की उफ्फ ये सियापा में दिखेगी बिना डायलॉग डार्क कॉमेडी

नुसरत भरूचा की फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बता दें ये फिल्म बिना डायलॉग के एक डार्क कॉमेडी है, जिसमें हर सीन सिर्फ हावभाव और एक्सप्रेशन से कहानी कहता है। फिल्म 5 सिंतबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



फिल्म की कहानी घूमती है केसरी लाल सिंह (सोहम शाह) के इर्द-गिर्द, जो एक साधारण और भोला-भाला इंसान है। उसकी पत्नी पुष्पा (नुसरत ) उसे पड़ोसन कमिनी (नोरा फतेही) से फ्लर्ट करने का इल्जाम लगाकर घर छोड़ देती है। जैसे ही वह अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश करता है, अचानक उसके घर एक लाश मिलती है। मामला यहीं नहीं रुकता, थोड़ी देर में दूसरी लाश भी सामने आ जाती है और केसरी की जिंदगी पूरी तरह उलझ जाती है। इस गड़बड़झाले में इंस्पेक्टर हसमुख (ओमकार कपूर) की एंट्री होती है, जो खुद भी अपने मकसद से कहानी में रंग भरता है।

फिल्म में सोहम शाह, नुसरत भरूचा और नोरा फतेही मुख्य भूमिकाओं में हैं। सोहम शाह अपनी सीरियस एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस फिल्म में उनकी मासूमियत और बेबस कॉमिक टाइमिंग दिल जीत सकती है। नुसरत भरुचा के लिए यह साल खास है क्योंकि यह उनकी दूसरी फिल्म है 'छोरी 2' के बाद। वहीं नोरा फतेही भी 2025 में तीसरी बार बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। हाल ही में वो अभिषेक बच्चन की 'बी हैप्पी' और कन्नड़ थ्रिलर 'केडी - द डेविल' में नजर आ चुकी हैं। 'उफ्फ ये सियापा' का निर्देशन जी. अशोक ने किया है और इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संगीत की जिम्मेदारी ए.आर. रहमान ने उठाई है, हालांकि यह फिल्म गानों से नहीं बल्कि बैकग्राउंड स्कोर और साउंड इफेक्ट्स से दर्शकों पर असर डालेगी। अभिनेता शारीब हाशमी भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे।

## विक्रम भट्ट के एक और प्रोजेक्ट में सनी लियोनी की एंट्री



सनी लियोनी ने जिस्म 2, रईस, तेरा इंतजार और एक पहेली लीला जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। वेब सीरीज में भी वे नजर आ चुकी हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर डिटेल शेयर की हैं, जिसकी शूटिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ काम करेंगी।

### सनी ने जताई विक्रम भट्ट के साथ काम करने की खुशी

सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ नजर आ रही हैं।सनी ने इसके साथ कैप्शन लिखा है, अपने पसंदीदा निर्देशकों में से एक के साथ फिर से काम करने का मौका मिला है। चलिए कुछ जादू करते हैं।

### सीरीज अनामिका में साथ कर चुके हैं काम

बता दें कि इससे पहले सनी लियोनी विक्रम भट्ट के साथ वेब सीरीज अनामिका में काम कर चुकी हैं, जो साल 2022 में आई थी। एक्शन से भरपूर यह जासूसी थ्रिलर वेब सीरीज एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसका निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया।

नेटिजन्स ने दी बधाई

सनी और विक्रम के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर नेटिजन्स रिएक्शन दे रहे हैं। दोनों को बधाई दे रहे हैं। सनी लियोनी के बॉलीवुड करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2012 में आई फिल्म जिस्म 2 से डेब्यू किया था। हालांकि, वो साल 2011 में ही चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस में आकर भारत में अपनी पहचान बना चुकी थीं। सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा था, लेकिन एडल्ट इंडस्ट्री में काम करने के लिए उन्होंने अपना नाम सनी लियोनी रख लिया।

# ओवल इनविंसिबल्स ने तीसरी बार जीता द हंड्रेड खिताब

एजेंसी



**लंदन :** ओवल इनविंसिबल्स ने लगातार तीसरी बार द हंड्रेड का खिताब अपने नाम किया। रविवार रात खेले गए फाइनल में उन्होंने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। टीम की जीत के नायक रहे विल जैक्स (72 रन) और नाथन सोउटर (3/25), जिन्होंने निर्णायक प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इनविंसिबल्स ने 168/5 का स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स ने 41 गेंदों में 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 72 रन बनाए, जबकि जॉर्डन कॉक्स ने 40 रन जोड़े। दोनों के बीच 87 रनों की अहम साझेदारी हुई। हालांकि, आखिरी ओवरों में रॉकेट्स के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और सिर्फ 25 रन ही दिए, जिससे इनविंसिबल्स बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉकेट्स की शुरूआत धीमी रही। पावरप्ले में उन्होंने 32 रन बनाए लेकिन नाथन सोउटर ने मिडिल ओवर्स में कहर ढा दिया। उन्होंने जो रूट (10) को आउट करने के बाद रेहान अहमद और टॉम बैंटन को भी चलता किया। इससे रॉकेट्स का स्कोर 37/3 हो गया। इसके बाद डेविड विली और मार्कस स्टोइनिस ने पारी को संभालने की कोशिश की। स्टोइनिस ने शानदार 64 रन (38 गेंद) बनाए और आखिरी तक जूझते रहे। रॉस व्हाइटली ने भी उनका साथ दिया और दोनों ने 38 रन की साझेदारी की, लेकिन रन रेट का दबाव भारी पड़ गया। आखिरी ओवर में 33 रन की दरकार थी, जो संभव नहीं हो सका और पूरी टीम 142/8 तक ही पहुंच सकी।

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड**

ओवल इनविंसिबल्सः 168/5 (विल जैक्स 72, जॉर्डन कॉक्स 40; मैट कार्टर 2/24)

ट्रेंट रॉकेट्सः 142/8 (मार्कस स्टोइनिस 64; नाथन सोउटर 3/25, साकिब महमूद 2/22)

# टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 : नीरज चोपड़ा भारत की 19 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे, अविनाश साबले बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने रविवार को टोक्यो में अगले महीने शुरू होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत की अंतिम 19 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। इस टीम में 14 पुरुष और 5 महिला एथलीट शामिल हैं, जो 15 अलग-अलग स्पधाओं में चुनौती पेश करेंगे। भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद एक बार फिर भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा होंगे, जो डिफेंडिंग चैंपियन होने के नाते वाइल्ड कार्ड एंट्री से सीधे क्वालीफाई हुए हैं। उनके अलावा तीन और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी–सचिन यादव, यश वीर सिंह और रोहित यादव–भी मैदान में उतरेंगे। तीन एथलीट्स ने सीधे एंट्री स्टैंडर्ड पार कर क्वालीफाई किया है–गुलवीर सिंह (5000 मीटर), प्रवीण चित्रावल (ट्रिपल जंप) और पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज)। गुलवीर 10,000 मीटर दौड़ में भी हिस्सा लेंगे, वहीं मिडिल डिस्टेंस धाविका पूजा 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों स्पधाओं में चुनौती पेश करेंगी। हालांकि, अविनाश साबले, नंदिनी आगरसरा और अक्षदीप सिंह ने क्वालीफाई किया था लेकिन मेडिकल कारणों से उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। एएफआई के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने बताया कि 4 से 9 सितंबर तक टोक्यो में प्री-कम्पटीशन ट्रेनिंग कैंप होगा। 10 सितंबर को सभी खिलाड़ी आधिकारिक होटल में शिफ्ट होंगे। नीरज चोपड़ा 5 सितंबर को सीधे चेक गणराज्य से टीम से जुड़ेंगे। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में खेली जाएगी।



**भारतीय टीम (विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025)**

**पुरुषः**

1. नीरज चोपड़ा – भाला फेंक (वाइल्ड कार्ड)
2. गुलवीर सिंह – 5000 मीटर (एंट्री स्टैंडर्ड)
3. प्रवीण चित्रावल – ट्रिपल जंप (एंट्री स्टैंडर्ड)
4. अब्दुल्ला अबूबकर – ट्रिपल जंप (रैंकिंग 31/36)
5. सर्वेश कुशारे – हाई जंप (रैंकिंग 34/36)
6. अनीमेश कुजूर – 200 मीटर (रैंकिंग 42/48)
7. सचिन यादव – भाला फेंक (रैंकिंग 20/36)
8. यश वीर सिंह – भाला फेंक (रैंकिंग 30/36)
9. मुरली श्रीशंकर – लॉन्ग जंप (रैंकिंग 36/36)
10. सर्विन सेबेस्टियन – 20 किमी रेस वॉक (रैंकिंग 34/50)
11. राम बाबू – 35 किमी रेस वॉक (रैंकिंग 50/50)
12. गुलवीर सिंह – 10,000 मीटर (इन्विटेशन)
13. संदीप – 35 किमी रेस वॉक (इन्विटेशन)
14. रोहित यादव – भाला फेंक (इन्विटेशन)
15. तेजस शिर्से – 110 मीटर बाधा दौड़ (इन्विटेशन)

**महिलाः**

1. पारुल चौधरी– 3000 मीटर स्टीपलचेज (एंट्री स्टैंडर्ड)
2. अन्नू रानी – भाला फेंक (रैंकिंग 22/36)
3. प्रियांका गोस्वामी – 35 किमी रेस वॉक (रैंकिंग 33/50)
4. अंकिता – 3000 मीटर स्टीपलचेज (रैंकिंग 35/36)
5. पूजा – 1500 मीटर (रैंकिंग 49/56)
6. पूजा – 800 मीटर (इन्विटेशन)

# फरीदाबाद से दिल्ली व नोएडा जाना हुआ महंगा, नए टोल रेट लागू

एजेंसी

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद में नेशनल हाईवे पर बदरपुर बॉर्डर पर फ्लाईओवर से दिल्ली आना-जाना सोमवार से मंहगा हो गया है। सराय ख्वाजा टोल पर कार और छोटे वाहनों को छोडकर सभी तरह के वाहनों को नए रेट के हिसाब से टोल देना होगा। कार और छोटे वाहनों को सिंगल यात्रा पर छूट दी गई है। लेकिन मल्टीपल यात्रा करने पर उनको दो रूपए का अतिरिक्त शुल्क देना होगा। जिन वाहन चालकों ने तीन हजार रूपए वाला पास बनवाया हुआ है। उन वाहनों पर इसका कोई असर नहीं पडेगा। वहीं हल्के कमर्शियल वाहनों और भारी वाहनों के लिए सिंगल यात्रा के साथ ही मल्टीपल यात्रा के रेट भी बढ़ाए गए हैं। घरेलू कार और छोटे वाहनों को पहले मल्टीपल यात्रा पर 52 रूपए देने होते थे। लेकिन अब उनको 53 रूपए का चार्ज देना होगा। वहीं मंथली पास




बनवाने पर भी 16 रूपए का अतिरिक्त चार्ज देना होगा। लाइट कमर्शियल व्हीकल की सिंगल यात्रा पर एक रूपए, मल्टीपल यात्रा पर दो रूपए और मंथली पास पर 23 रूपए बढ़ाए गए है। इन वाहनों को मंथली पास के लिए अब 1567 रुपयों की जगह 1590 रुपए चुकाने होंगे। इनको एक यात्रा पर 52 की बजाय 53 और एक से अधिक यात्रा पर 78 की जगह 80 रुपए देने होंगे। भारी वाहनों को सिंगल यात्रा पर दो रुपए और मंथली पास पर 48 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा इन नई टोल दरों के असर सबसे ज्यादा दिल्ली और नोएड़ा जाने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। एनएचआई के अनुसार, रोजाना करीब पांच हजार छोटे-बड़े वाहन इस टोल से गुजरते हैं। जो बदरपुर फ्लाईओवर और बाईपास का प्रयोग दिल्ली और नोएड़ा में जाने के लिए करते है। फरीदाबाद हरियाणा का एक प्रमुख और सबसे बड़ा औद्योगिक शहर है, जो ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, रेफ्रिजरेटर और कपड़ा, फर्नीचर और स्पेयर पार्ट बनाने के लिए जाना जाता है। जिसके कारण रोजाना भारी संख्या में माल वाहन वाहनों का यहां से आना जाना होता है। टोल प्लाजा मैनेजर आरके यादव ने बताया कि नई दरों को आज से लागू कर दिया गया है। ये दरें हर साल रिवाइज होती हैं। लेकिन पिछले साल 2024 में नहीं हो पाई थी। इस साल की नई दरों को लेकर जानकारी टोल प्लाजा पर लगा दी गई है।

## बेटी को है ऐसी बीमारी की उसे अकेला छोड़ने को मजबूर हुआ पूरा परिवार

**कोलकाता :** खड़गपुर रेलवे स्टेशन के पास पांच नंबर वार्ड देवांगपुर की रहने वाली रेजोवाना खातून इन दिनों इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवती के कारण कई बार मोहल्ले में तोड़फोड़ और विवाद की घटनाएं हुईं। दुकानों के शीशे, घरों की खिड़कियां, यहां तक कि बाइक तक को उसने नुकसान पहुंचाया है। आरोप है कि पिता मो. रियोवान दाफिज लगातार लोगों को मुआवजा देते-देते कर्ज में डूब गए और आखिरकार घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। पड़ोसी बताते हैं कि रियोवान का बेटा मो. रेजाउल भी बहन के डर से घर छोड़कर पलायन कर गया। रेजोवाना को पहले खड़गपुर चांदमारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वहां भी उसने डॉक्टरों और नर्सों से मारपीट की और वहां से भाग निकली। फिलहाल उसे श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालांकि अस्पताल में भर्ती होने से पहले उसके परिवार के बारे में किसी को पता नहीं था। इसलिए वेस्ट बंगाल रेडियो क्लब (हैम) रेडियो से मदद मांगी गई। तब जाकर उसकी सभी करतूतों के बारे में पता चला है। हैम रेडियो के वेस्ट बंगाल सचिव अंबरिश नाग विश्वास ने सोमवार को हिन्दुस्थान समाचार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाल्स अस्पताल के असिस्टेंट सुपर बसुदेव जोरदार ने वेस्ट बंगाल रेडियो क्लब से परिवार का पता लगाने का अनुरोध किया।

## बुलडोजर कार्रवाई पर बोले सदर विधायक, अपराधी अब खाकी को दे रहे चुनौती

एजेंसी

**उरई :** उरई कोतवाली क्षेत्र में मारपीट और आगजनी की घटना के बाद जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया। मामले को लेकर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा का बयान सामने आया है। विधायक का कहना है कि आरोपी अवैध कारोबार में संलिप्त रहे हैं, जिससे उन्होंने अकूत संपत्ति अर्जित की। इन कार्यों में पुलिस की भी मूक सहमति रही है। अब वही माफिया खाकी को चुनौती दे रहे हैं। बता दें कि रविवार को जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड पर हुए बुलडोजर एक्शन के बाद सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने इसे ह्ययोगी राजह्व करार दिया। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय के हों, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, विधायक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि कालपी रोड पर शुक्रवार रात शताब्दी ट्रैवल्स के ऑफिस में जिस प्रकार महिलाओं के साथ अभद्रता की गई, व्यापारियों से मारपीट की गई और बाइकों को आग के हवाले किया गया। वह कृत्य अत्यंत निंदनीय है। जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों पर की गई कार्रवाई उचित है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इन्होंने लोगों को डरा-धमका कर संपत्ति अर्जित की है। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि इन लोगों का जुए और सट्टे का भी कारोबार रहा है, जिसमें पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही है। पुलिस की सहमति से ही यह अवैध व्यापार फलता-फूलता रहा, जिससे आज ये अपराधी ताकतवर बन चुके हैं और इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अंत में विधायक ने कहा कि देश और प्रदेश में अब बीजेपी की सरकार है और अपराधी चाहे जितना भी प्रभावशाली हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वोट अधिकार यात्रा में अखिलेश यादव की हालत 'तीन तेरह' जैसी ही रही : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि बिहार में नितांत असफल ह्यवोट अधिकार यात्राह्व में सपा बहादुर अखिलेश यादव की हालत 'न तीन में न तेरह में' जैसी ही रही। जिस पार्टी का बिहार की धरती पर न कोई अतीत है, न वर्तमान और न कोई भविष्य, उनका बिहार से संबंध केवल लालू प्रसाद यादव के परिवार से नातेदारी तक सीमित है। बिहार की जनता इनकी खातिरदारी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इसकी बानगी आने वाले चुनाव में मिलेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि 'बुलेट से बैलेट' के सिद्धांत को ही अपना अलग संविधान मानने वाली तिकड़ी (अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी) मिलकर राजनीति में परिवारवाद, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी जैसे तीन समाज विरोधी खतरनाक आयामों के भी प्रतीक हैं।

## हरियाणाः हथिनी कुंड बैराज के सभी फ्लड गेट खोले गए, दिल्ली को किया अलर्ट

कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न- सिरसा में दो घरों की दीवारें गिरीं, माइनर टूटी

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में रविवार सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश के पंचकूला, अंबाला, रेवाड़ी, झज्जर और कुरुक्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटे तक उक्त जिलों के अलावा कई अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।यमुनानगर स्थित हथिनीकुंड बैराज पर रात एक बजे चेतावनी सायरन बजाए गए, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। रविवार रात 2 बजे एक लाख 5 हजार क्यूसेक पानी आने के बाद सभी फ्लड गेट खोल दिए गए हैं। सोमवार सुबह 9 बजे जलस्तर 3 लाख 29 हजार दर्ज किया गया, जोकि इस सीजन का सबसे अधिक है। इसे देखते हुए प्रशासन ने दिल्ली को अलर्ट कर दिया है। दिल्ली के निचले इलाकों में पानी भर



सकता है। इसके साथ ही सायरन बजाकर लोगों को चेतावनी भी दी है कि वह यमुना से दूर रहें।प्रशासन ने यमुना किनारे के गांवों को अलर्ट करते हुए कहा है कि कोई भी यमुना के किनारे न जाएं। अपने पशुओं को भी चराने न ले जाएं। वहीं, दिल्ली सरकार को कहा गया है कि निचले इलाकों को खाली करवा लिया जाए। यह पानी अगले 25 से 30 घंटों में दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।राज्य के सिरसा में देर रात 2 मकानों की दीवारें गिर गईं। इस दौरान परिवार बाल-बाल बच गए। इसके साथ यहां एक माइनर टूट गई। इससे 50 एकड़ में खड़ी फसल जलमग्न हो गई। सिरसा में घग्गर नदी डेंजर लेवल पर है। फरीदाबाद में यमुना और कुरुक्षेत्र में मारकंडा नदी कल से ओवरफ्लो चल रही हैं। कैथल के गुहला चीका क्षेत्र में घग्गर में 21 फीट तक पानी बह रहा है। यहां घग्गर में 23 फुट पर खतरे का निशाना बनाया गया है। इसे लेकर प्रशासन के अधिकारी भी समय-समय पर मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

# जनता दर्शन में कानपुर की बच्ची ने सीएम योगी से स्कूल में दाखिला की मांग की

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में कानपुर की नन्ही मायरा अपनी माँ के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुँची। बच्ची की मां ने स्कूल में दाखिले के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया।



मुख्यमंत्री ने बच्ची से पूछा कि वह पढ़ना चाहती है तो उसने कहा कि वह केजी क्लास में दाखिला चाहती है। मायरा ने मासूमियत भरे शब्दों में कहा झ ह्ययोगी जी, मेरा एडमिशन करा दीजिए, मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूँ।ह्व मुख्यमंत्री ने बच्ची की बात सुनते ही तुरंत अधिकारियों को उसके एडमिशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के बाद मायरा की मां ने कहा कि वह कानपुर के स्कूल में दाखिला चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने दाखिले का आश्वासन दिया। मुझे पूरा भरोसा है कि अब उनकी बच्ची का स्कूल में दाखिला हो जाएगा।

## राजगढ़ः शादी का झांसा देकर दलित महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपित फरार

एजेंसी

**राजगढ़ :** कुरावर थाना क्षेत्र के ग्राम माना में रहने वाली 26 वर्षीय दलित महिला ने बड़ोदिया तालाब निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर डेढ़ माह की अवधि में कई बार गलत काम और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमवार को मौके से फरार आरोपित के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम माना निवासी 26 वर्षीय दलित महिला ने बताया कि ग्राम बड़ोदिया तालाब निवासी अर्जुन पुत्र गोविंद खाती ने शादी का झांसा देकर 11 जून से 27 जुलाई के बीच कई बार गलत काम किया। अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है,विरोध करने पर उसने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मौके से फरार आरोपित के खिलाफ धारा 69, 115(2), 351(3) बीएनएस, एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.48 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.62 प्रतिशत से लेकर 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, जियो फाइनेंशियल, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती



एयरटेल के शेयर 0.57 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,220 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,796 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 424 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 19.34 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,828.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच में मुनाफा वसूली का झटका भी लगता रहा, इसके बावजूद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी बनी रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 382.88 अंक की मजबूती के साथ 80,192.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 5.85 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 24,432.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ लिया। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का मामूली झटका भी लगता रहा, इसके बावजूद ये सूचकांक लगातार ऊपर चढ़ता रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 120.30 अंक की मजबूती के साथ 24,547.15 अंक के स्तर पर कारोबारकर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 270.92 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,809.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### रायपुर : आज से सात सितंबर तक मनाया जाएगा देशव्यापी साक्षरता सप्ताह

**रायपुर :** भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निदेर्शानुसार सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पाँच प्रमुख घटक शामिल किए गए है जिसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर गतिविधियाँ केंद्रित होंगी। उल्लास में साक्षरता सप्ताह के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिले की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आज सोमवार 1 सितम्बर को मोबाइल ऐप पर पंजीयन हेतु विशेष अभियान और शिक्षा स्वयंसेवकों का नामांकन किया जाएगा। 2 सितम्बर को कार्यशालाएँ, सेमिनार और वेबिनार के माध्यम से नई भारत साक्षरता कार्यक्रम पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। 3 सितम्बर को पंचायत स्तरीय बैठकें एवं महिला व किसान समूहों के साथ साक्षरता संवाद आयोजित होंगे। इसी प्रकार 4 सितम्बर को रैली, नाटक और गीतों के माध्यम से आमजन को साक्षरता के महत्व से अवगत कराया जाएगा। 5 सितम्बर को शिक्षण-सामग्री का प्रदर्शन, 6 सितम्बर को वाद-विवाद, भाषण, कविता, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएँ तथा 7 सितम्बर को रेडियो जिंगल्स, लघु फिल्में और महिला साक्षरता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। अंतिम दिवस 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, लेखकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता होगी।

### नहर में पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत, साथी गंभीर

**मीरजापुर :** अदलहाट थाना क्षेत्र के बरीसलाहपुर गांव के पास रविवार देर शाम एक बड़ा हादसा हो गया। ईंट लेकर लौट रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सिकिया गांव निवासी संजय यादव (34) पुत्र जोखू यादव अपने साथी संजय उर्फ गब्बर (30) पुत्र रामसेवक के साथ ईंट जमालपुर पहुंचाकर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। हादसे में चालक संजय यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि संजय उर्फ गब्बर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे सब-इंस्पेक्टर कमला शर्मा ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, ट्रैक्टर मालिक राजेश यादव पुत्र पन्ना यादव निवासी भभुआर की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बस्तर दौरे पर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे निरीक्षण

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सोमवार को बस्तर दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय बस्तर में आए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण करने के साथ सीधे लोगों से बातचीत कर बाढ़ के कारण बने स्थिति की समीक्षा करेंगे । निरीक्षण करने के साथ समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी देंगे ।

### कोलकाता में मौसम का बदला मिजाज : जुलाई में रिकॉर्ड, अगस्त में किल्लत

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में इस साल मानसून का मिजाज लगातार बदलता रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि राज्य में बारिश की स्थिति ने जुलाई और अगस्त में दो बिल्कुल अलग तस्वीर पेश की है। एक महीने पहले ही जुलाई ने मौसम विभाग के रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई थी। 2011 से 2025 के बीच पिछले 15 वर्षों में इस साल का जुलाई कोलकाता का सबसे आर्द्र महीना दर्ज हुआ। इसके ठीक बाद अगस्त में परिदृश्य बदला। रविवार को अगस्त का समापन हुआ 278.3 मिलीमीटर बारिश के साथ, जबकि सामान्य तौर पर कोलकाता में अगस्त महीने में औसतन 372.1 मिलीमीटर वर्षा होती है। इस लिहाज से इस बार करीब 94 मिलीमीटर की कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 2011 से 2025 के डेढ़ दशक में केवल तीन बार ही अगस्त महीने में कोलकाता ने इससे भी कम बारिश दर्ज की है। यानी इस साल का अगस्त भी बारिश की कमी के लिहाज से उल्लेखनीय रहा। जुलाई की नमी और अगस्त की कमी–इन दोनों महीनों का यह विरोधाभासी स्वरूप राजधानी के मौसम की अनिश्चितता को और स्पष्ट कर गया है।

### हिंदू धर्म और उसकी परंपराओं का नेतृत्व करने के लिए आरएसएस से बेहतर कोई संगठन नहीं : अफ्जाल अंसारी

**वाराणसी :** समाजवादी पार्टी से गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि हिंदू धर्म और उसकी परंपराओं का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मतलब आरएसएस से बेहतर कोई संगठन नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान की तारीफ करनी चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि आज देश की सबसे बड़ी जरूरत आपसी एकता और भाईचारा है। मेरा मानना है कि हर मस्जिद और मजार में शिवलिंग की तलाश करना निश्चित ही देश को कमजोर करेगा। इस तरह का माहौल नहीं बनना चाहिए। बता दें कि मृत माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े भाई और सांसद अफजाल अंसारी ने दूसरी बार आरएसएस को लेकर कोई बयान दिया है। अफजाल अंसारी के बयान पर समाजवादी पार्टी के वाराणसी मंडल के नेताओं और प्रदेश प्रवक्ताओं ने चुप्पी साध ली है।

### राजगढ़ः एक युवक की नदी में डूबने और दूसरे की जहर खाने से मौत, जांच शुरू

**राजगढ़ :** पचोर थाना क्षेत्र में एक 38 वर्षीय युवक ने छोटे पुल से नदी में छलांग लगा दी, जिसका शव गोताखोरों ने मशक्कत के बाद नदी से निकाला। वहीं छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देवाखेड़ी में रहने वाले 40 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पचोर थाना पुलिस के अनुसार बीती शाम पचोर बड़ा मंदिर के समीप रहने वाले 38 वर्षीय शोभाराम पुत्र मांगीलाल गुर्जर छोटे पुल से नदी में कूद गया। घटना के दौरान नगरपालिका की टीम नदी के समीप कार्य कर रही थी। सूचना पर पहुंची एसडीआएफ की टीम ने मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदी था, वह घर में अकेला रहने के साथ मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहा था। युवक ने किन हालातों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका वास्तविक खुलासा नही हो सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। वहीं बीती रात छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देवाखेड़ी में रहने वाले 40 वर्षीय सुरेश पुत्र रामप्रताप दांगी ने घर में रहते हुए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, बेसुध हालत में परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

न्यूज IN ब्रीफ

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श

**साहिबगंज :** रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल की अध्यक्षता में उत्सव वेक्ट हॉल स्थित में बैठक की गई।वहीं इस मासिक बैठक में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में निर्णय 5 अक्टूबर 2025 को पूरा जिला व प्रखंड,नगर,पंचायत स्तरीय बैठक का निर्णय लिया।वहीं जिलाध्यक्ष प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने कहा कि यहां पर कोई छोटा नहीं है और ना ही कोई बड़ा है।उधर उन्होंने कहा कि हमें समाज के वंचित व पिछड़े परिवार के सदस्यों की मदद करते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का आह्वान किया गया।उन्होंने कहा कि सभी लोगों को दायित्व दिया जाए,ताकि सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती धूमधाम से मनाया जाए. मौके पर मौजूद अजय कुमार चौधरी,रमन कुमार,चंदन सिंह,अशोक सिन्हा,कुणाल राय, आर एन महतो,संजय पटेल,संजय सिंह,सुनील मंडल,हरेंद्र नाथ राय,प्रमोद सिन्हा ओर अन्य लोग मौजूद थे।

## भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला का उद्घाटन आज

**साहिबगंज :** शहर के टाउन हॉल में भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला फिर से धूम मचाने आ गया है।इस संबंध में मेला आयोजक प्रदीप राठौर ने बताया कि लोगों की मांग पर फिर से साहिबगंज शहर के टाउन हॉल में मेला 1 सितंबर से 19 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 11:00 से रात्रि 9:00 तक आयोजित किया जाएगा श्री राठौर ने बताया कि मेला का उद्घाटन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक सिंह आज शाम 5 बजे करेंगे।

## पूजा का बजट 12 लाख रुपए का है : विमल

**साहिबगंज :** शहर के साक्षरता मोड़ काटरगंज स्थित पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को भव्य तरीके से मनाने को लेकर रविवार को सभी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।जहां बैठक पूजा समिति के सदस्यों ने पिछली बार हुए खर्च का ब्योरा पर चर्चा किया । वह इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।जिसमे अध्यक्ष पद के लिए विमल यादव व संरक्षक अखिलेश यादव को मनोनीत किया।वही सचिव पद के लिए वीरेंद्र यादव,लालू उर्फ गौरव यादव,रमाकांत यादव व मुन्ना यादव को मनोनीत किया गया।उधर दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति के सदस्य प्रशांत कुमार ने बताया कि पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति में वर्ष 1979 वर्ष से बंगाली रीति रिवाज से लगातार पूजा होती आ रही है जहां इस बार के पूजा का बजट 12 लाख रुपए का है।वही उड़ीसा के मंदिर का पंडाल इस बार बनाया जाएगा जो भव्यता के साथ दिखाई देगा।उन्होंने बताया की सुरक्षा की दृष्टि से पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा.साथ ही अग्निशामक यंत्र भी लगाया जाएगा।बैठक मे अंतेश यादव,केदार यादव,प्रमोद यादव,धर्मेंद्र यादव,धीरन यादव,मुकेश यादव,सुरेंद्र यादव,गोल्डन उर्फ प्रिंस राहुल विवेक सुभाष,हलचल, पीयूष,रितेश,नीतीश समेत अन्य पूजा समिति के सदस्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

## गणपति बप्पा मोरया जैसे गानों पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**सिमडेगा :** जिले भर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पांच दिवसीय गणेश उत्सव के चौथे दिन मां भवानी कॉलोनी गणेश पूजा समिति सलडेगा द्वारा शनिवार संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भक्ति गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक राम, श्रद्धानंद बेसरा एवं मुकेश कुमार बरणवाल शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। तत्पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोगों की काफी भीड़ लगी रही। बीच-बीच में लोग गणपति बप्पा मोरया के नारे भी लगाते रहे।

विदित हो कि मां भवानी कॉलोनी गणेश पूजा समिति द्वारा सलडेगा के एक छोटे से मोहल्ले में काफी भव्य तरीके से युवाओं द्वारा गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल पहुंचते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन सौरभ सिन्हा ने किया। मौके पर राजेश सिंह, दीप नारायण दास, ललित, अनीश, रोहित कुमार, शंकर आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच फलदार पौधे वितरित

**पटमदा :** राज्य संपोषित (एसएस) प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में सोमवार को इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 50 विद्यार्थियों के बीच ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत फलदार पौधे प्रदान किए गए, जिन्हें वे अपने घरों में लगाकर सुरक्षित रखेंगे।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बच्चों से कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और इनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया तथा पौधों की नियमित देखभाल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय की नोडल क्लब की शिक्षिकाएं– अल्पा रोशनी बाखला, तुलसी महतो, अनीता मुर्मू, मिताली बासु एवं राशिद नेसार ने भी बच्चों के साथ मिलकर पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना था।

## समय पर बदलाव नहीं किया जाए तो परंपरा जोखिम भी बन सकती है : सीईओ

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने पीजीडीएम (जनरल मैनेजमेंट) बैच के सहयोग से सोमवार को ह्लट्रांसफॉर्मिंग लीगेसी विषय पर एक लेक्चर सेशन का आयोजन किया। इस अवसर पर एवररेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ ) अनिर्बान बनर्जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सत्र का उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि किस प्रकार पुरानी और प्रतिष्ठित कंपनियां लगातार बदलते व्यवसायिक परिवेश में अपनी प्रासंगिकता और विकास बनाए रख सकती हैं।

# करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह

### महासभा अध्यक्ष विमला प्रधान ने किया संबोधित



संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड प्रदेश गोंड़ आदिवासी महासभा, सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को गोंडवाना छात्रावास, चंद्रनगर में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छात्रावास का परिसर संध्या से ही गीत-संगीत, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में गोंड़ समाज के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने करम पर्व की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि करम पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि यह समाज को प्रकृति से जोड़ने वाली अनमोल धरोहर है। करम देवता की पूजा धरती, जल, वृक्ष और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता, भाईचारे और सामुदायिक सद्भाव का भी संदेश देता है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश गोंड़ आदिवासी महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विमला प्रधान उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि करम पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखने का पर्व है। यह त्योहार प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज की आस्था, प्रेम और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित रखें तथा आने वाली पीढ़ियों तक इसे गर्व के साथ पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की मांग है और करम पर्व इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र गंझू ने भी समाज को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करम पर्व आदिवासी जीवन का अभिन्न अंग है और इस पर्व से समाज को एकजुटता, सहयोग तथा भाईचारे की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़े रहना चाहिए। चंद्र गंझू ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा और संस्कृति दोनों को समान महत्व दें और अपने पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय गीत, नृत्य और पारंपरिक वाद्यों की लय पर झूम उठा। अंत में समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि करम पर्व की परंपरा और प्रकृति संरक्षण की भावना को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाते रहेंगे। समारोह में महासभा के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत्ति के दो दिन पूर्व पदोन्नति मिले तो व्यक्ति निश्चित तौर पर इसे अपने सेवा काल का सर्वोत्तम मानेगा



बिनय मिश्रा

सेवा काल में पदोन्नति व्यक्ति का सपना होता है उसे डीआईजी नौशाद आलम के सकरात्मक और सार्थक पहल से पूरा किया गया है यह निश्चित तौर पर एक उपलब्धि वाली बात है ।

सेवानिवृत्ति के महज दो दिन पूर्व अगर पदोन्नति हो जाए तो इससे बड़ी उपलब्धि और कामयाबी तथा सेवानिवृत्ति का सबसे बड़ा उपहार और क्या होगा और यह संभव हो पाया झारखंड के लोकप्रिय कर्मठ और बेहतर कार्य के लिए पहचाने जाने वाले पलामू रेंज के डीआईजी मोहम्मद नौशाद आलम के सार्थक पहल और प्रयास से ऐसे डीआईजी जिनके अंदर करुणा,

वेदना और कार्य करने की बेहतर क्षमता और दक्षता भी है । ऐसे डीआईजी निश्चित तौर पर पूरे राज्य के लिए गौरव है गौरतलब हो कि श्री आलम जब कार्मिक डीआईजी थे तब उन्होंने काफी संख्या में लोगों को पदोन्नति दिलाने के साथ-साथ अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से कार्मिक विभाग को एक नई दिशा और गति प्रदान की थी यही नहीं उनके द्वारा किए गए कार्य निश्चित तौर पर आज भी अनुकरणीय और प्रेरणादायक है । भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय व कर्मठ आईपीएस अधिकारी नौशाद आलम झारखंड के ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं जिन्होंने अपने पद स्थापना काल के दौरान अपने बेहतर कार्यों से विभाग को हमेशा गौरवान्वित किया है। हमें ऐसे आईपीएस अधिकारी पर निश्चित तौर पर गर्व और गौरव है।

## गंगा मिशन की ओर से तीन हजार फलदार पौधा वितरण किया जाएगा



संवाददाता

**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत साहिबगंज जिला में तीन हजार फलदार पौधा का वितरण किया जाएगा।गंगा मिशन के प्रधान ट्रस्टी प्रहलाद राय गोयंका की ओर से दूसरे वर्ष आयोजन किया जा रहा है।कोलकाता से आम, कटहल,अमरूद, जामुन, तूत, लीची, आंवला खिन्नी, शरीफा, बेल, मालबेरी सहित अन्य फलदार पौधा साहिबगंज पहुंच गया है। जिसकी जानकारी ट्रस्ट के सदस्य सुरेश निर्मल ने दी।उन्होंने बताया की सोमवार को जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का प्रथम दिन राजस्थान मध्य विद्यालय के छात्रों के बीच फलदार पौधा वितरण भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में सुबह 7 बजे से 8 बजे तक कार्यक्रम किया जाएगा।

# साहिबगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह चौपट हो चुकी है : सत्य प्रकाश

संवाददाता

**साहिबगंज :** भाजपा नेता सत्य प्रकाश सिन्हा ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉं इरफान अंसारी को पत्र लिख कर साहिबगंज जिले मे वर्षो से पदस्थापित चिकित्सको के स्थानांतरण की मांग की है।श्री सिन्हा ने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि साहिबगंज जिला मे स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह चौपट हो चुकी है जिसका मुल कारण इस जिले मे वर्षो से पदस्थापित वैसे डॉंक्टर जो सरकारी अस्पताल के साथ ही अपनी निजी क्लिनिक चलाते है उनकी विशेष रुची स्वयं के नीजि क्लिनिक मे मरीजो को ले जाने कि होती है जिससे गरीब मरिजो का शोषण होता है.जैसा कि ज्ञात हो साहेबगंज सदर अस्पताल मे कभी खुन कि खरीद बिक्री का मामला प्रकाश मे आता है तो कभी सही उपचार के अभाव मे नवजात



बच्चो कि मुत्यु का मामला. विगत दिनो एक बेहद गंभीर मामले समाचार पत्रो के माध्यम से प्रकाश मे आया है. कि साहिबगंज सदर अस्पताल के चिकित्सको के द्वारा सरकारी पर्ची पर मरीजो को बाहर कि दवा लिखी जा रही है और मरीजो से चिन्हित दुकान से दवा खरिदने को दबाब बनाया जाता है जो कि बेहद गंभीर विषय है.उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चिकित्सक सेवा छोड़ व्यपारी बन गए है.श्री सिन्हा ने इन सभी विषयो पर मंत्री डॉं इरफान अंसारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री वैसे सभी सरकारी डॉं जो सरकारी चिकित्सक है व जिले मे अपना नीजि क्लिनिक चलाते है।उसके द्वारा अर्जित संपत्ति कि भी जांच निष्पक्ष ऐजैंसी से कराए और जल्द से जल्द वर्षो से पदस्थापित डॉक्टर को यहाँ से स्थानांतरित करते हुए साहेबगंज मे योग्य,कुशल,सेवाभाव मे विश्वास रखने वाले चिकित्सको कि नियुक्ति यहा करे तभी गरीब राज्य मे गरीब लोगो का समुचित ईलाज हो सकेगा.श्री सिन्हा ने कहा कि जिले के डीसी हेमंत सती व वतार्मान सीएस डॉं रामदेव पासवान ने लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार को प्रयास किया परन्तु नतीजा शुन्य है इसलिए सरकार को जल्द इस पर कठोर निर्णय करना चाहिए।

# एसपी ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण



संवाददाता

**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक ने मुफस्सिल थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना के सभी दस्तावेजों/ अभिलेखों की जांच की गई। लंबित काण्डों/ वारंट/ कुर्की की समीक्षा की गई। अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को निम्न प्रकार से कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से गश्ती में तेजी लाना, एवं प्रभावशालीपूर्ण गश्ती करना। क्षेत्र में हो रहे प्रमुख निर्माण कार्यों पर नजर रखना। वारंटियों/अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाना। क्षेत्र में सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं स्थानों पर सी0सी0टी0भी0 कैमरा का अधिष्ठापन हेतु कार्रवाई करना। आसूचना संकलन पर विशेष ध्यान देना। क्षेत्र में हो रहे किसी भी प्रकार के अवैध तस्करी , हब्बा-डबा एवं जुआ पर तुरंत रोक लगाना तथा कार्रवाई करना। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र में लगातार प्रभावशालीपूर्ण वाहन चेकिंग अभियान चलाना। नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों पर विधिसम्मत दण्डात्मक कार्रवाई करना। क्षेत्र में बीट भ्रमण/क्षेत्र भ्रमण कर लोगों के साथ समन्वय स्थापित करना।

## परसुडीह में बंद घर का ताला तोड़कर चोरी

जमशेदपुर : परसुडीह थाना अंतर्गत प्रधान टोला में बीती रात चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, प्रधान टोला निवासी विनोद दास के घर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दरवाजे पर लगे ताले को काटकर घर में प्रवेश किया और घर से टीवी, होम थिएटर, अलमारी में रखे 10 हजार रुपये नकद एवं अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।विनोद दास का कहना है कि वे अपने परिवार के साथ टेल्को में रह रहे थे। आज सुबह जब वे घर लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है और कई सामान गायब हैं। उन्होंने तुरंत इस घटना की सूचना परसुडीह थाना पुलिस को दी।

# ईद उल मिलाद पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक

संवाददाता

**जमशेदपुर :** ईद मिलादुन्नवीं के अवसर पर शहर में निकलने वाले जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन एवं विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारियों, आवश्यक सेवा प्रदाताओं के साथ समाहरणालय सभागार में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवश्यक नागरिक सुविधाएं, आवश्यकतानुरूप बैरीकेडिंग हेतु नगर निकायों तथा जुलूस की निगरानी एवं असामाजिक तत्वों पर त्वरित कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि नागरिक सुविधा जैसे पेयजल, बिजली, साफ-सफाई आदि की समस्या का संज्ञान लेते हुए नगर निकाय प्रशासन यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। अंचलाधिकारी-थाना



प्रभारी संबंधित आयोजन समिति के साथ थाना स्तर पर बैठक कर जिला प्रशासन की भावनाओं से अवगत करायें।

एहतियाती कदम उठाते हुए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखें। मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की पर्याप्त नियुक्ति के साथ-साथ सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे आदि से भी मॉनिटरिंग करें। निर्धारित रूट में ही जुलूस निकालें, इसमें किसी भी प्रकार से डायवर्जन की अनुमति नहीं होगी। असामाजिक तत्वों के कृत्य से किसी की धार्मिक आस्था एवं भावनायें आहत न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखें। उन्होने कहा कि जिले में सभी त्यौहार सोहार्द्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसमें सभी नागरिकों, प्रबुद्धजनों तथा समाज की नुमाइंदगी करने वाले लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कोई भी त्योहार या जुलूस इस तरह मनायें या निकालें कि हमारा जिला दूसरे जिलों के लिए मिसाल बनें। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी इस जिले की अच्छी छवि है। पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी : एस पी रूरल एवं सिटी एसपी ने कहा कि जुलूस के रूट का सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। अतिरिक्त बल के प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि डीजे संचालकों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करायें। जुलूस मार्ग को सभी थाना प्रभारी सर्विलांस में रखें।बैठक में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, एसडीओ धालभूम चंद्रजीत सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सभी डीएसपी व शहरी क्षेत्र के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।